Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रुड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 6 अंक: 216 | गुरूवार, 07 अगस्त -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## कर्तव्य भवन केवल इमारत नहीं, सपनों को साकार करने की तपोभूमि है

# पीएम नरेंद्र मोदी बोले- बचेंगे किराए के 1500 करोड़ रुपये

**नई दिल्ली।**

प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार, एक समग्र दृष्टि के साथ भारत के नव-निर्माण में जुटी है। ये तो पहला कर्तव्य भवन पूरा हुआ है, ऐसे कई कर्तव्य भवनों का निर्माण तेजी से चल रहा है। देश का कोई भी हिस्सा आज विकास की धारा से अछूता नहीं है।



**सुविधाओं के अभाव के बावजूद एक सदी से भी ज्यादा समय तक इसी इमारत से काम करता रहा**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर स्थित कर्तव्य भवन-03 का उद्घाटन किया। बाद में शाम को उन्होंने एक जनसभा को संबोधित करते हुए इस अवसर के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर बोलते हुए, प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि अगस्त क्रांति का महीना है और स्वतंत्रता दिवस से पहले, देश आधुनिक बुनियादी ढाँचा परियोजनाओं के पूरा होने के साथ कई ऐतिहासिक मील के पत्थर देख रहा है। उन्होंने कहा कि ये केवल कुछ नए भवन और सामान्य इंफ्रास्ट्रक्चर नहीं हैं। अमृतकाल में इन्हीं भवनों में विकसित भारत की नीतियां बनेंगी, विकसित भारत के महत्वपूर्ण निर्णय होंगे और राष्ट्र की दिशा तय होगी। मोदी ने दावा किया कि हमने बहुत मंथन के बाद कर्तव्य भवन नाम दिया है। कर्तव्य पथ, कर्तव्य भवन हमारे लोकतंत्र की, हमारे संविधान की मूल भावना का उद्घोष करते हैं। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद, देश की प्रशासनिक मशीनरी दशकों तक ब्रिटिश काल में बनी इमारतों में ही चलती रही। इन प्रशासनिक इमारतों में काम करने की स्थिति बहुत खराब थी, जहाँ काम करने वालों के लिए जगह की कमी, रोशनी की कमी और वेंटिलेशन की कमी थी। गौरतलब है कि गृह मंत्रालय आवश्यक संसाधनों और सुविधाओं के अभाव के बावजूद एक सदी से भी ज्यादा समय तक इसी इमारत से काम करता रहा।

> नरेंद्र मोदी ने ने कहा कि कर्तव्य सिर्फ एक इमारत का नाम भर नहीं है, यह करोड़ों देशवासियों के सपनों को साकार करने की तपोभूमि है। कर्तव्य ही आरंभ है, कर्तव्य ही प्रारब्ध है। करूणा और कर्मणता के स्नेहसूत्र में बंधा कर्मङ्ग यही तो है कर्तव्य। उन्होंने कहा कि सपनों का साथ है — कर्तव्य। संकल्पों की आस है — कर्तव्य। परिश्रम की पराकाष्ठा है — कर्तव्य। हर जीवन में जो ज्योति जला दे, वो इच्छाशक्ति है — कर्तव्य। करोड़ों देशवासियों की रक्षा का आधार है — कर्तव्य। माँ भारती की प्राण–ऊर्जा की ध्वज वाहक है — कर्तव्य। नागरिक देवो भव का जाप है — कर्तव्य। राष्ट्र के प्रति भक्ति भाव से किया हर कार्य है — कर्तव्य।

## अमेरिका पर जमकर बोला हमला

# ट्रंप की टैरिफ धमकियों खिलाफ एकसुर हुए सत्ताधारी और विपक्षी दल

**नई दिल्ली।**




सत्ताधारी पार्टी और मुख्य विपक्ष दल दोनों ने एकजुटता दिखाते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत की ओर से रूसी तेल खरीद के चलते और टैरिफ बढ़ाने की धमकी की कड़ी निंदा की है। भाजपा के उपाध्यक्ष बैजयंत जय पांडा ने शीत युद्ध के युग के सबसे शक्तिशाली अमेरिकी राजनयिक हेनरी किसिंजर का उद्धरण देते हुए कहा कि अमेरिका का दुश्मन होना खतरनाक हो सकता है, लेकिन दोस्त होना घातक है। मनीष तिवारी बोले- ट्रंप की टिप्पणियां भारतीयों के आत्मसम्मान को चोट पहुंचाने वालीं कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने कहा कि ट्रंप की अपमानजनक टिप्पणियां भारतीयों की गरिमा और आत्मसम्मान को चोट पहुंचाने वाली हैं। उधर, भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा कि देश को रूसी तेल खरीदने के चलते अन्यायपूर्ण तरीके से निशाना बनाया जा रहा है। कांग्रेस नेता शशि थरूर ने बुधवार को कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के इस कदम से ₹अमेरिका में बहुत से लोगों के लिए हमारे सामान अप्राप्य हो जाएंगे।₹ उन्होंने बताया कि चीन भारत की तुलना में ज्यादा रूसी तेल समेत कई तरह की सामग्री आयात करता है, लेकिन उसे अमेरिकी टैरिफ से ₹90 दिनों की छूट₹ मिली हुई है।

## एअर इंडिया की अंतरराष्ट्रीय उड़ानें अक्टूबर से होंगी बहाल



**नई दिल्ली।** एअर इंडिया की अंतरराष्ट्रीय उड़ाने पूरी तरह बहाल हो सकती हैं। एअर इंडिया के सीईओ कैंपबेल विल्सन ने बुधवार को बताया कि एयरलाइन ने एक अगस्त से अंतरराष्ट्रीय उड़ानों की चरणबद्ध बहाली शुरू कर दी है और एक अक्टूबर तक सभी सेवाओं को पूरी तरह बहाल किए जाने की उम्मीद है। उन्होंने उम्मीद जताई कि चरणबद्ध बहाली के दौरान यात्री अनुभव बेहतर होगा। गौरतलब है कि 12 जून को अहमदाबाद विमान हादसे के बाद एयर इंडिया ने अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर रोक लगा दी थी। लंदन जा रहा एअर इंडिया का बोइंग विमान हादसे का शिकार हो गया था, जिसमें 260 लोगों की मौत हो गई थी।

## खुद खरीद रहे रूस से एलएनजी, भारत को दे रहे उपदेश



**नई दिल्ली।** पश्चिमी देशों खास तौर पर अमेरिका व यूरोपीय संघ की तरफ से रूस से तेल खरीदने के मामले में भारत को लगातार उपदेश दिया जा रहा है और आर्थिक दंड लगाने की धमकी भी दी जा रही है लेकिन हकीकत यह है कि ये देश अभी भी रूस से लगातार अपनी जरूरत की चीजें खूब खरीद रहे हैं। ताजे आंकड़े बताते हैं कि जुलाई, 2025 में रूस के पाइपलाइन से यूरोपीय देशों की गैस आपूर्ति में 37 फीसद की वृद्धि हुई है। यूरोपीय देशों का दावा कि उन्होंने रूस से कम ऊर्जा उत्पादों की खरीद की है।

## 'सड़क पर यातायात में अवरोध है, तो टोल नहीं वसूल सकते'

**कोच्चि।**




केरल हाई कोर्ट ने बुधवार को कहा कि यदि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआइ) या उसके एजेंट राजमार्गों तक निर्बाध, सुरक्षित और नियमित पहुंच प्रदान करने में विफल रहते हैं, तो वे जनता से ऐसी सड़कों के लिए टोल नहीं वसूल सकते। जस्टिस ए. मुहम्मद मुस्ताक और हरिशंकर वी. मेनन की खंडपीठ ने एडापल्ली से मन्नुथी तक राष्ट्रीय राजमार्ग पर टोल वसूली पर रोक लगाते हुए यह फैसला सुनाया। अदालत ने कहा, हम आदेश देते हैं कि टोल की वसूली चार सप्ताह के लिए तत्काल प्रभाव से निलंबित रहेगी। हम यह भी आदेश देते हैं कि केंद्र सरकार जनता की चिंताओं और शिकायतों का समाधान करते हुए उपरोक्त अवधि के भीतर उचित निर्णय ले। टोल संग्रह को निलंबित करने का अंतरिम आदेश जनता से उपयोगकर्ता शुल्क वसूलने को चुनौती देने वाली रिट याचिकाओं पर आया। वर्तमान में राजमार्ग का यह हिस्सा अंडरपास, फ्लाईओवर, जल निकासी कार्य आदि के निर्माण और सर्विस रोड के अनुचित रखरखाव के कारण ट्रैफिक जाम से ग्रस्त है।

> पीठ ने कहा कि जनता राजमार्ग का उपयोग करने के लिए टोल का भुगतान करने के लिए बाध्य है, वहीं दूसरी तरफ एनएचएआइ की यह जिम्मेदारी है कि वह स्वयं या उसका एजेंट किसी भी बाधा के बिना सुचारु यातायात सुनिश्चित करे। जनता और एनएचएआइ के बीच यह संबंध विश्वास के बंधन से बंधा हुआ है। जैसे ही यह विश्वास टूटता है, वैधानिक तरीके से टोल वसूलने का एनएचएआइ को दिया गया अधिकार जनता पर नहीं थोपा जा सकता।

## यौन शोषण में मथुरा के डिप्टी कमिश्नर कमलेश पांडेय समेत सात अधिकारी निलंबित

**वेलकम इंडिया**

राज्य कर विभाग मथुरा में तैनात डिप्टी कमिश्नर कमलेश कुमार पांडेय पर अधीनस्थ महिला अधिकारी ने यौन शोषण और अनैतिक व्यवहार के गंभीर आरोप लगाए थे। जांच में आरोप प्रथम दृष्टया सही पाए गए, जिसके बाद उन्हें निलंबित कर संयुक्त आयुक्त, बांदा कार्यालय से सम्बद्ध कर दिया गया है। मामले की जांच आंतरिक परिवाद समिति (विशाखा) को सौंपी गई थी, लेकिन समिति पर आरोप हैं कि उसने आरोपी अधिकारी को बचाने का प्रयास किया और अपनी जिम्मेदारियों का पालन नहीं किया।

इसके चलते समिति के छह सदस्यों को भी निलंबित कर दिया गया है। इनमें सहायक आयुक्त कोमल छाबड़ा (सचल दल इकाई-2, मथुरा), उपायुक्त प्रतिभा (विशेष अनुसंधान शाखा, मथुरा), सहायक आयुक्त पूजा गौतम (राज्य कर खंड-2, मथुरा), उपायुक्त संजीव कुमार (राज्य कर खंड-5, मथुरा), राज्य कर अधिकारी सुनीता देवी (खंड-3, मथुरा) और उपायुक्त वीरेन्द्र कुमार (खंड-3, मथुरा) शामिल हैं। सभी अधिकारियों के खिलाफ जांच के लिए राज्य कर विभाग ने विशेष सचिव कृतिका ज्योत्सना को जांच अधिकारी नियुक्त किया है।

## 'बिना जांच के मौजूदा मंत्री और विधायकों के खिलाफ कोई मामला वापस न लें'

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को तमिलनाडु सरकार से कहा कि बिना जांच के मौजूदा मंत्री और विधायकों के खिलाफ कोई भी मामला वापस न लिया जाए। जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस उज्जल भुइयां और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने तमिलनाडु में मौजूदा मंत्रियों के खिलाफ लंबित मुकदमों को राज्य से बाहर स्थानांतरित करने की मांग वाली एक जनहित याचिका पर राज्य सरकार से इस संबंध में हलफनामा दाखिल करने को कहा।

## पिछड़ा वर्ग आरक्षण विधेयक की मंजूरी के लिए सड़क पर उतरे सीएम रेवंत

**नई दिल्ली।**



तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने पिछड़ा वर्ग आरक्षण विधेयक पर राष्ट्रपति की मंजूरी की मांग को लेकर बुधवार को जंतर-मंतर पर एक विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व किया। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार राज्य विधानमंडल द्वारा पारित विधेयकों को ओबीसी विरोधी बताकर रोक रही है। तेलंगाना विधानसभा ने मार्च में शिक्षा, रोजगार और स्थानीय निकायों में ओबीसी के लिए आरक्षण बढ़ाकर 42 प्रतिशत करने संबंधी दो विधेयक पारित किए थे। ये विधेयक राज्यपाल के पास भेजे गए थे और वर्तमान में राष्ट्रपति की मंजूरी का इंतजार कर रहे हैं। बुधवार को किए गए प्रदर्शन में डीएमके सांसद कनिमोझी, एनसीपी (एलपी) नेता सुप्रिया सुले, समाजवादी पार्टी के धर्मेंद्र यादव और सीपीआई (एम) के वी शिवदासन समेत कई लोग मौजूद थे।

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने आइएनडीआइए के नेताओं को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद देते हुए एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि प्रस्तावित कानून जाति जनगणना के आंकड़ों पर आधारित संविधान के सामाजिक न्याय के दृष्टिकोण की दिशा में एक बड़ी प्रगति है। वहीं, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा एक्स पर एक अन्य पोस्ट में कहा कि तेलंगाना सरकार का यह कदम सामाजिक न्याय को मजबूत करेगा।

## संसद में मतदाता सूची को लेकर संग्राम जारी



**नई दिल्ली।**

**लोकसभा में भी विपक्ष का हंगामा**

बिहार में मतदाता सूची विशेष सघन पुनरीक्षण के नाम पर संसद में चल रहे गतिरोध के बीच अब सरकार ने भी दोनों सदनों में जारी संग्राम के दौरान ही अपने विधायी कार्य निपटाने का सिलसिला शुरू कर दिया है। सरकार की इस रणनीति की झलक बुधवार को दोनों सदनों में हंगामे के बीच ही एक-एक विधेयक पारित कराए जाने के दौरान दिखी। राज्यसभा में हंगामे के बीच ही पीठासीन सभापति ने 'समुद्र द्वारा माल वहन विधेयक-2025' पर चर्चा शुरू कराते हुए इसे तुरंत पारित करा दिया। एसआईआर पर चर्चा की मांग की अनदेखी से नाराज विपक्षी सदस्य वेल में उतरकर नारेबाजी करते रहे और एक महिला सांसद ने तो पीठ की ओर दौड़ तक लगा दी, जिन्हें सुरक्षाकर्मियों ने सीढ़ियों पर रोका। लोकसभा में भी एसआईआर पर हंगामे के बीच सरकार ने ध्वनिमत से वाणिज्य पोत परिवहन विधेयक-2024 पारित करा लिया। बुधवार को राज्यसभा में प्रश्नकाल शुरू होते ही विपक्ष ने एसआईआर पर चर्चा की मांग के साथ नारेबाजी शुरू कर दी थी। उपसभापति हरिवंश ने दोहराया कि प्रश्नकाल बाधित कर आप जनता का नुकसान कर रहे हैं। पर विपक्ष शांत न हुआ तो सदन दोपहर दो बजे तक स्थगित कर दी।

## पीएम मोदी एससीओ सम्मेलन में हिस्सा लेने जाएंगे चीन

**नई दिल्ली।** पीएम नरेन्द्र मोदी इस महीने के अंत में चीन की यात्रा पर जाएंगे। चीन में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक है जिसमें हिस्सा लेने के लिए पीएम मोदी को आमंत्रित किया गया है। चीन के साथ पीएम मोदी के जापान जाने की भी संभावना है। पीएम मोदी वर्ष 2018 के बाद पहली बार चीन जाएंगे। वर्ष 2020 में पूर्वी लद्दाख क्षेत्र में चीनी सैनिकों की घुसपैठ के बाद भारत व चीन के रिश्ते काफी खराब हो गये थे। पिछले वर्ष कजान (रूस) में पीएम मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग के बीच हुई मुलाकात के बाद रिश्तों में सुधार आ रहा है। पीएम मोदी की आगामी चीन यात्रा का महत्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तरफ से भारत के खिलाफ लगातार दिए जा रहे बयानों और भारतीय आयात पर शुल्क बढ़ाने की वजह से भी बढ़ गया है। भारत सरकार की तरफ से जल्द ही पीएम मोदी की इस आगामी यात्रा की आधिकारिक घोषणा की जाएगी। विदेश मंत्रालय के उच्चाधिकारियों ने हाल ही में चीन व जापान दोनों की यात्रा की है।



> पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ भी इसमें हिस्सा लेने आएंगे यह कयास लगाया जा रहा है कि क्या एससीओ सम्मेलन के साइड में रूस, भारत व चीन (आरआइसी) के नेताओं की एक संयुक्त बैठक भी होगी या नहीं? रूस की तरफ से इस बात की कोशिश की जा रही है। रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने इस बारे में बयान भी दिया था। हालांकि भारत की तरफ से इस पर सधी प्रतिक्रिया जताते हुए बहुत ज्यादा उत्साह नहीं दिखाया गया है।

एससीओ की बैठक में पीएम मोदी की राष्ट्रपति चिनफिंग के साथ द्विपक्षीय मुलाकात की संभावना है। इसके अलावा पीएम मोदी की रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन से भी मुलाकात संभव है। दोबारा सत्ता में आने के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने सबसे ज्यादा इन तीनों देशों (चीन, रूस और भारत) को ही निशाने पर लिया है। पिछले एक हफ्ते से वह लगातार रूस से तेल खरीदने को लेकर भारत के खिलाफ आपत्तिजनक बयानबाजी कर रहे हैं। ऐसे में भारत, चीन व रूस के शीर्ष नेता जब चीन में एक मंच पर उपस्थित होंगे तो वहां पूरी दुनिया की नजर होगी।

## संपादक की कलम से

# उत्तरकाशी में प्रलय

प्रलय का नाम हमने सुना है। कभी कल्पना तक नहीं की। छायावाद के प्रणेता कवि जयशंकर प्रसाद का महाकाव्य कामायनी जरूर पढ़ा है। उसमें प्रलय की विभीषिका के कई बिंब और एक अकेले मनुष्य का संघर्ष हमारे मानस पर अब भी अंकित है, लेकिन प्रलय के विनाश के मर्म तक हम पहुंच नहीं पाए। अलबत्ता एक कल्पना जरूर साकार होती गई। हमारे कालखंड में उत्तरकाशी के महाभूकंप और 2013 के



ललित शर्मा
संपादक

केदारनाथ मंदिर क्षेत्र के प्रलय का साक्षी बनने का मौका जरूर मिला है और वह भी टीवी चैनलों के जरिए। उत्तरकाशी के जिस धराली गांव में बादल फटने और फिर तीव्र वेग के जल–प्रलय की आपदा आई है, ऐसी आपदाएं 1864, 2013 और 2014 में भी आ चुकी हैं। आखिर पहाड़ इतने खौफनाक और खतरनाक क्यों होते जा रहे हैं? क्या पहाड़ में आवास दूभर हो गया है? लगातार भू–स्खलन और बाढ़ की घटनाएं क्यों बढ़ती जा रही हैं? क्या हिमालय पर्वत के हिस्से भी दरकने और बड़े–बड़े पत्थरों के रूप में गिरने लगे हैं? इन घटनाओं और आपदाओं में बारिश और बादल फटने की घटनाएं कुदरत का कहर मानी जा सकती हैं। इसके अलावा घर, दुकान, मंदिर, इमारतें, होटल आदि का जमींदोज होना, नतीजतन मौत के आंकड़े बढ़ते रहने की आपदाएं मानव–निर्मित हैं। यह हमारा नहीं, मौसम और भूगर्भ वैज्ञानिकों का विश्लेषण है। विकास के नाम पर पहाड़ खोदे जा रहे हैं। पहाड़ों को चीरकर सुरंगें बनाई जा रही हैं। रेल की पटरी बिछाई जा रही है। नदी–नालों के किनारे अथवा उन्हीं के भीतर होटल, रिजॉर्ट की बहुमंजिला इमारतें खड़ी की जा रही हैं। उत्तराखंड में ही जिस 50,000 वर्ग हेक्टेयर में जंगलात थे, अब वहां पक्की इमारतें चिन दी गई हैं। मौजूदा उत्तरकाशी के प्रलय में धराली गांव ही बह कर मिट्टी–मलबा हो गया। राज्य के मुख्य सचिव आनंदवर्धन के मुताबिक, धराली गंगोत्री के रास्ते में मुख्य ठहराव स्थल है। आबादी मात्र 700 के करीब है। इनमें से 100 लोग लापता हैं। 150 घरों से ज्यादा वाले गांव में 50 से ज्यादा घर, 30 से ज्यादा होटल–रिजॉर्ट, करीब 25 होम स्टे तबाह हो चुके हैं। जो मंजर सामने आया है, वह प्रलय नहीं तो क्या है? 2013 का केदारनाथ मंदिर वाला प्रलय इतना विनाशकारी था कि 6000 से अधिक लोग मारे गए थे। अब प्रलय को इतना विध्वंसक नहीं माना जा रहा है, लेकिन मौत के अधिकृत आंकड़े अभी सामने आने हैं। गौरतलब यह भी है कि मौजूदा प्रलय से पहले भूस्खलन का औसत 250 था, जो 2023 तक 1600 से अधिक हो गया। इतना गुना भूस्खलन क्यों और कैसे बढ़े? पहाड़ इतनी मात्रा में क्यों टूटने लगे हैं? इस सवाल का जवाब न तो केंद्र और न ही राज्य सरकार ने दिया है। कुछ उच्चाधिकार प्राप्त समितियां जरूर बनाई जाती रही हैं, लेकिन वे विशेषज्ञों और वैज्ञानिकों के सुझावों को नकारती रही हैं। मसलन–वैज्ञानिकों के सवाल हैं कि पहाड़ों में फोरलेन सडक बनाना क्यों जरूरी है? दो लेन की सडकें पर्याप्त और सहज हैं। ऐसे निर्माण दिखावटी विकास तो हैं, लेकिन विनाश और मौत के अंधे कुएं भी तैयार कर रहे हैं। केदारनाथ प्रलय के बाद रडार लगाने की बात सामने आई थी, ताकि बादल फटने और जल–प्रलय के पूर्व संकेत मिल सकें। उनका क्या हुआ? उत्तरकाशी प्रलय के कुछ भी संकेत क्यों नहीं मिल सके। मात्र 34 सेकंड में बहुत कुछ मलबा हो गया।

# रक्षाबंधन : नारी रक्षा का संकल्प, एक सामाजिक चेतना



ललित गर्ग



भारत की सांस्कृतिक परंपराओं और त्योहारों की भूमि पर रक्षाबंधन एक ऐसा पर्व है जो केवल भाई-बहन के रिश्ते तक सीमित नहीं, बल्कि संपूर्ण समाज में आत्मीयता, कर्तव्यबोध, और नैतिक मूल्यों के पुनसंर्वेदन का पर्व है। यह पर्व नारी अस्मिता, समानता, सुरक्षा और प्रेम की भावनाओं का प्रतिनिधित्व करता है। राखी का धागा जितना कोमल दिखता है, उतनी ही उसमें गहराई और दृढ़ता होती है, यह एक ऐसा लौकिक बंधन है, जो प्रेम, आदर्शों और जिम्मेदारियों से बंधा होता है। रक्षाबंधन कोई साधारण पर्व नहीं, यह आदर्शों का हिमालय है, संकल्पों का सोपान है। यह पर्व सिर्फ भाई-बहन के प्रेम की रस्म नहीं, बल्कि पुरुष समाज द्वारा नारी को आश्वस्त करने, उसका मान-सम्मान बनाए रखने की शपथ का दिन है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि नारी केवल स्नेह की पात्र नहीं, वह शक्ति, श्रद्धा और समाज की दिशा तय करने वाली एक सशक्त प्रेरणा भी है।

आज जब महिलाएं समाज के हर क्षेत्र में बुलंदियों को छू रही हैं, सेना से लेकर विज्ञान, शिक्षा से लेकर खेल तक तब रक्षाबंधन उन्हें केवल भावनात्मक सुरक्षा नहीं, सामाजिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक सम्मान दिलाने का भी माध्यम बनता है। रक्षाबंधन की महत्ता को समझने के लिए उसके ऐतिहासिक संदर्भों को जानना आवश्यक है। भविष्य पुराण में उल्लिखित कथा के अनुसार जब देव-दानव युद्ध में दानव भारी पड़ने लगे, तब इंद्राणी ने अपने पति इन्द्र की रक्षा हेतु रेशम का धागा मंत्रों के साथ उनके हाथ पर बांधा, जिससे इंद्र विजयी हुए। मुगल काल में रानी कर्मवती ने जब चितौड़ पर संकट देखा, तो बादशाह हुमायूं को राखी भेजकर रक्षा की याचना की। हुमायूं ने धर्म, संप्रदाय और सत्ता से ऊपर उठकर उस धागे की लाज रखी और चितौड़ की रक्षा में अपनी ताकत झोंक दी। महाभारत में जब भगवान श्रीकृष्ण की उंगली से रक्त बहा, द्रौपदी ने अपनी साड़ी का पल्लू फाड़कर पट्टी बांध दी। श्रीकृष्ण ने उस प्रेम को जीवन भर निभाया और चीरहरण के समय द्रोपदी की रक्षा की। यह केवल ऋण चुकता नहीं था, यह आदर्शों की प्रतिज्ञा थी। इसी तरह सिकंदर और पुरू की कथा इस बात को दशार्ती है कि राखी का एक धागा युद्ध भूमि में भी जीवनदान का कारण बन सकता है। ये प्रसंग हमें बताते हैं कि राखी केवल प्रेम का प्रतीक नहीं, बल्कि रक्षा, आदर्श और सम्मान की जीवंत प्रतिमा है। रक्षाबंधन आज सिर्फ पारंपरिक पर्व नहीं, बल्कि एक सांस्कृतिक आंदोलन जैसा है। लेकिन दुख इस बात का है कि इस पर्व की आत्मा धीरे-धीरे खोती जा रही है। आज बहनों के लिए यह पर्व सजने-संवरने और उपहार पाने का माध्यम बनता जा रहा है, जबकि भाइयों के लिए यह केवल एक औपचारिकता बनकर रह गया है। राखी के धागों की वह पवित्रता, भावनाओं की वह गहराई, अब कम होती जा रही है। यह पर्व अब बाजारवाद और दिखावे के जाल में उलझता नजर आ रहा है। इस बदलती सोच को थामना और मूल भावनाओं को पुनः प्रतिष्ठित करना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। इस पर्व का मूल उद्देश्य नारी के प्रति श्रद्धा, सुरक्षा और कर्तव्य का निर्वहन है, न कि केवल उपहार और दिखावे का आदान-प्रदान। भाइयों को चाहिए कि वे बहन की रक्षा की शपथ केवल शब्दों में नहीं, जीवन के प्रत्येक व्यवहार में निभाएं। बहनें भी राखी को केवल संबंध या औपचारिकता न समझें, बल्कि इस पर्व को नारी स्वाभिमान और सामाजिक बदलाव के एक माध्यम के रूप में लें। आज जब समाज में महिलाओं के साथ अपराध बढ़ रहे हैं, जब बच्चियों से लेकर वृद्धाओं तक को भय और असुरक्षा का सामना करना पड़ रहा है, तब रक्षाबंधन एक ऐसा अवसर है जब हम केवल बहन नहीं, संपूर्ण नारी समाज की रक्षा का संकल्प लें। एक ऐसा संकल्प जो केवल राखी तक सीमित न हो, बल्कि जीवन भर के आचरण में झलके। यह पर्व हमें यह संदेश देता है कि नारी केवल स्नेह की नहीं, सम्मान की अधिकारिणी है। रक्षाबंधन भारत के विभिन्न अंचलों में अलग-अलग नामों से मनाया जाता है। उत्तर भारत में यह भाई-बहन के रिश्ते का पर्व है, वहीं महाराष्ट्र में नारली पूर्णिमा के रूप में समुद्र देवता को नारियल अर्पण कर मछुआरे समुद्र से अपने रिश्ते की रक्षा की प्रार्थना करते हैं। दक्षिण भारत में अवनी अविट्टम के रूप में यह ब्राह्मणों का यज्ञोपवीत संकल्प का पर्व है। वहीं स्कन्द पुराण और श्रीमद्भागवत में उल्लिखित वामन अवतार की कथा में रक्षाबंधन को बलेव के रूप में जाना जाता है, जब भगवान विष्णु ने तीन पग भूमि मांगकर राजा बलि का अभिमान तोड़ा था। इन सब कथाओं में एक ही संदेश है - अहंकार के स्थान पर समर्पण, दंभ के स्थान पर रक्षा, और स्वार्थ के स्थान पर सेवा। आज रक्षाबंधन जैसे भावनात्मक और सांस्कृतिक पर्व भी कृत्रिम बुद्धिमता एवं संचार-क्रांति की आंधी में अपनी मूल आत्मा और संवेदना खोते जा रहे हैं। उपहारों की होड़, ब्रांडेड राखियों का प्रदर्शन, सोशल मीडिया पर दिखावे की होड़ ने इस पर्व को एक उपभोक्तावादी उत्सव में बदल दिया है। जहाँ पहले राखी एक भावनात्मक संबंध का प्रतीक थी, वहीं आज यह अधिकतर लेन-देन और औपचारिकता का माध्यम बनती जा रही है। इस प्रवृत्ति से पर्व की आत्मा, जिसमें बहन के प्रेम और भाई की जिम्मेदारी का गहन बोध निहित था, वह पीछे छूटता जा रहा है। इसलिए आवश्यक है कि हम रक्षाबंधन की प्रासंगिकता को केवल उपहारों और खर्च की दृष्टि से नहीं, बल्कि नारी सम्मान, आत्मीय रिश्तों और सामाजिक जिम्मेदारियों के दृष्टिकोण से समझें और मनाएं। राखी का पर्व हमें मानवीय रिश्तों की फिर से व्याख्या करने का अवसर देता है। यह पर्व हमें याद दिलाता है कि हर स्त्री हमारी बहन है, समाज की, संस्कृति की, मानवता की। उसकी रक्षा केवल सामाजिक कर्तव्य नहीं, बल्कि मानवीय धर्म है। जब हर पुरुष स्त्री के प्रति अपने कर्तव्य को राखी की तरह पवित्र समझेगा, जब हर बहन अपने भाई में केवल उपहार देने वाला नहीं, बल्कि एक मूल्य-धारी रक्षक देखेगी, तब रक्षाबंधन केवल एक पर्व नहीं, एक क्रांति का आरंभ बनेगा। रक्षाबंधन कोई मंच या मंचन नहीं है। यह प्रदर्शन का नहीं, आत्मचिंतन का पर्व है। हमें इस पर्व को बाजारवाद और औपचारिकता से निकालकर पुनः उसकी असली पहचान देना होगा। यह प्रेम और कर्तव्य के बीच की एक खूबसूरत कड़ी है। इस बार राखी के धागों को केवल कलाई तक न सीमित रखें, इन्हें हृदय से बाँधें, ताकि यह पर्व भाई-बहन के रिश्तों से आगे बढ़कर पूरे समाज में एक सशक्त और सुरक्षित वातावरण का निर्माण कर सके। तभी राखी के ये धागे सच्चे अर्थों में आदर्श बनेंगे और संकल्पों का सोपान।

उदय किशोर साह



## आहार से विचार

कविता

जैसा आहार वैसा तेरा होगा विचार
विचार से बनता है मानव का व्यवहार
जीवन पद्धति का है यह सहचार
बदला बदला लगेगा यह संसार

तामसी खाना और तामसी बन जाना
राक्षसी प्रवृति का सुर है दोहराना
निशाचरी का काम में जीवन को खपाना
दिन के उजाले में अपना मुँह है छुपाना

आते जाते राही को करना। तुँ परेशान
नारी के लिये बन जाना फिर शैतान
इन्सानियत के नाम पे बन जाना बेईमान
जो जी में आये करना सीना को तान

कानून का जब खौफ ना तुम्हें लागे
पुलिस की डर से छिपोगे तब भागे भागे
आम जनता की जब बरसेगा पीठ पे डंडा
पापी बन जाना तब ले कलंक का फंडा

इसलिये शाकाहारी आहार को अपनाना
पापी से भले मानस सब बन कर दिखलाना
जग वाले तब लगेगा प्यार का गहरा समंदर
अच्छे दिखेगा जब चेहरा भी हो तेरा बन्दर

# अकेलेपन की त्रासदी झेलते बुजुर्ग, बच्चे आया के भरोसे



संजीव ठाकुर

बुजुर्गों के अकेलेपन की समस्या वैश्विक रूप धारण कर चुकी है।भारत सहित चीन,जापान,स्वीटजरलैंड,अमेरिका फ्रांस कनाडा और ब्रिटेन मैं बुजुर्गों की स्थिति अकेलेपन के कारण दयनीय हो गई है। जापान तथा स्विट्जरलैंड में इच्छा मृत्यु लेने वालों की संख्या बढ़ गई। स्विट्जरलैंड,जापान में तो कई केंद्र ऐसे हैं जिनमें इच्छा मृत्यु धारण करने के वाले बुजुर्गों को वहां अलविदा कहकर भेज दिया जाता है। यह स्थिति मानवता के लिए अत्यंत चिंता करने वाली है। मैंने स्वयं अपनी स्वीटजरलैंड अमेरिका तथा ब्रिटेन की यात्रा के दौरान देखा है कि वहां के बुजुर्ग वहां के बाग बगीचों में टहलने की बजाय किताब या उपन्यास पढ़ते देखा हैं। भारत में अभी ओल्ड एज होम यानी वृद्ध आश्रम का चलन उस रफ्तार से नहीं बढा है जितना यूरोपीय देशों में इसका चलन फैशन बन चुका है। वहां पर लगभग 40% बुजुर्गों को ओल्ड एज होम भेज दिया जाता है। भारत के संदर्भ में अभी भी बुजुर्गों को संयुक्त परिवार में काफी वरीयता दी जाती है किंतु जिन परिवारों में बुजुर्गों की संताने एकल परिवार वाली होती हैं वहां निश्चित तौर पर बुजुर्गों को वृद्ध आश्रम भेजने की तैयारी कर ली जाती है। पहले बुजुर्ग अपने नाती पोतों के साथ खेल कर उन्हें दादी नानी की कहानी सुना कर अपना बुढ़ापा गुजार लिया करते थे किंतु अब छोटे बच्चों को शिक्षा हेतु बाहर व्यावसायिक स्कूलों में भेज दिया जाता है जिससे बुजुर्ग एकदम अकेले हो जाते हैं। संतानों के पास अपनी नौकरियों तथा व्यवसाय के कारण बुजुर्गों से बात करने का समय नहीं होता, नतीजतन बुजुर्ग एकदम अकेले हो जाते हैं और अनेक बीमारियों के शिकार होने लगे हैं। भारत में आधुनिकता की होड़ ने देश के संयुक्त परिवारों को खंडित कर दिया है। अधिकांश परिवार अब एकल परिवार में परिवर्तित हो गए, ऐसे में बुजुर्ग तथा बच्चे सबसे ज्यादा इस त्रासदी के शिकार हुए हैं। आधुनिक जीवन शैली ने माता पिता को नन्हे बच्चों से दूर कर दिया है और परिवार में स्त्री पुरुष के नौकरी करने के कारण बच्चे या तो बुजुर्गों के साए में परवरिश के लिए बाध्य हैं अथवा उनकी देखरेख आया बाइयों के भरोसे पर निर्भर हो गई है। बुजुर्गों के साथ उनकी संतानों की संवेदनहीनता ने असहाय सा बना दिया है। बच्चों तथा बुजुर्गों को इसी समय सबसे ज्यादा अपने माता पिता तथा संतानों के सहयोग एवं संरक्षण की आवश्यकता महसूस होती है। यदि आधुनिक जीवन शैली के कारण बुजुर्गों तथा बच्चों का उनके अभिभावक एवं पुत्रों पुत्रियों के साथ संवाद हीनता एक बड़ी पीड़ा का कारण बन जाति है। भारत में सर्वे के अनुसार बुजुर्गों और नौजवान पीढ़ी के बीच संवाद हीनता एक चिंताजनक स्वरूप ले चुका हैबुजुर्ग एकाकीपन से अब मानसिक रोगों के शिकार होने लगे हैं। जिन बुजुर्गों को चलने फिरने और बाहर जाने में परेशानी होती है उनके लिए नौजवान पीढ़ी के साथ संवाद हीनता परेशानी का एक बड़ा सबक बन चुका हैमहिला तथा पुरुष बुजुर्गों के साथ यह समस्या बृहद रूप लेकर सामाजिक समस्या बन गई हैबुजुर्ग हमारी धरोहर हैं इनका जीवन के हर दृष्टिकोण में संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। इसी तरह बच्चों को नैतिक तथा बुनियादी शिक्षा देकर उन्हें देश का अच्छा नागरिक बनाने की जिम्मेदारी भी माता-पिता पर होती है। पर वर्तमान में बच्चे मां बाप के नौकरी पेशा होने के कारण अपने माता-पिता से दूर होते जा रहे हैं। बुजुर्ग और संतानों के बीच मोबाइल ,व्हाट्सएप फेसबुक और इंटरनेट के कारण संवाद हीनता ने जटिल संकट पैदा कर दिया है। बुजुर्ग यदि अपने मन की बात किसी से कह नहीं सकेंगे तो उन्हें मानसिक रूप से बीमारी का संकट हो सकता है। नौजवान पीढ़ी को खाली समय में मोबाइल कंप्यूटर में फेसबुक व्हाट्सएप इंस्टाग्राम से ही फुर्सत नहीं है। ऐसे में बुजुर्गों के लिए यह संकट और गहराने का खतरा बढ़ता जा रहा हैउल्लेखनीय है कि बुजुर्गों का अनुभव उनका ज्ञान परिवार,समाज तथा देश के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है देश की संस्कृति में बुजुर्गों का सम्मान और इज्जत उनकी रक्षा निहित हैवे वटवृक्ष की तरफ हम सबका मार्गदर्शन करते हैं अतः हमारा प्रथम कर्तव्य होगा कि हम वृद्धजनों की हर संभव रक्षा कर उनकी इज्जत, तवज्जो करेंइसके साथ ही हमें बच्चों तथा नौजवानों की भी रक्षा करनी होगीभारत सरकार की लगातार चेतावनी और विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा जारी निदेशों की अवहेलना अभी भी भारत देश में जारी है भारत के नौजवान बुजुर्ग और बच्चे बड़ी तादाद में मौजूद हैं उन सब की रक्षा करना हमारा नैतिक दायित्व है। खास तौर पर बुजुर्गों की जो शारीरिक रूप से कमजोर एवं अक्षम होते हैं उनकी तरफ विशेष ध्यान देकर हमें उनकी रक्षा करनी होगी यह हमारा प्रथम दायित्व होगा।

# कृषि प्लास्टिक प्रदूषण



विजय गर्ग

कृषि प्लास्टिक प्रदूषण मिट्टी के स्वास्थ्य, पारिस्थितिक तंत्र और खाद्य सुरक्षा के लिए गंभीर निहितार्थ के साथ एक बढ़ती पर्यावरणीय चुनौती है। जबकि उत्पादकता और दक्षता बढ़ाने में उनके लाभों के लिए कृषि में प्लास्टिक का व्यापक रूप से उपयोग किया जाता है, उनके निपटान और टूटने से महत्वपूर्ण समस्याएं पैदा होती हैं। सौभाग्य से, इस मुद्दे को संबोधित करने के लिए अभिनव प्रौद्योगिकियों से लेकर नीति परिवर्तनों तक विभिन्न रणनीतियों को विकसित किया जा रहा है। कृषि प्लास्टिक के साथ समस्या कृषि में प्लास्टिक के उपयोग, मल्च फिल्मों और सिलेज रैप से लेकर सिंचाई पाइप और ग्रीनहाउस कवरिंग तक, एक अंधेरा पक्ष है। समय के साथ, ये सामग्री छोटे और छोटे टुकड़ों में टूट जाती है, जिससे माइक्रोप्लास्टिक और नैनोप्लास्टिक बनते हैं जो मिट्टी को दूषित कर सकते हैं। यह संदूषण कर सकते हैं: मिट्टी की संरचना को बदलें और पानी को पकड़ने की अपनी क्षमता को कम करें। केंचुए जैसे कठोर मिट्टी के जीव, जो मिट्टी की उर्वरता के लिए महत्वपूर्ण हैं। कीटनाशकों और भारी धातुओं जैसे प्रदूषकों को सोखना और ध्यान केंद्रित करना, पारिस्थितिक तंत्र के माध्यम से उनके हस्तांतरण को सुविधाजनक बनाना। खाद्य श्रृंखला दर्ज करें, क्योंकि पौधे मिट्टी से माइक्रोप्लास्टिक और अन्य दूषित पदार्थों को अवशोषित कर सकते हैं। खाद्य सुरक्षा और मानव स्वास्थ्य को खतरा। समस्या से निपटने के लिए रणनीतियाँ कृषि प्लास्टिक प्रदूषण से निपटने, कम करने, पुनः उपयोग करने, रीसाइक्लिंग करने और प्लास्टिक सामग्री को बदलने पर ध्यान केंद्रित करने के लिए एक बहु-आयामी दृष्टिकोण आवश्यक है। 1.। कम करें और पुनः उपयोग करें पहला कदम प्लास्टिक की मात्रा को कम करना और मौजूदा उत्पादों के जीवनकाल का विस्तार करना है। थोक खरीद: थोक में फीड, उर्वरक और एग्रोकेमिकल्स जैसे इनपुट खरीदना एकल उपयोग बैग और कंटेनरों की आवश्यकता को कम करता है। पुनः प्रयोज्य सामग्री: पुनः प्रयोज्य बीज ट्रे, बर्तन और सिंचाई प्रणालियों में संक्रमण एकल उपयोग वाले प्लास्टिक कचरे पर काफी कटौती कर सकता है। ऑन-फार्म प्रथाओं: खेत पर प्लास्टिक को ठीक से स्टोर करना और बड़ी मात्रा में खरीदने के लिए पड़ोसियों के साथ सहयोग करना भी मदद कर सकता है। 2.। अभिनव विकल्प दीर्घकालिक समाधान के लिए स्थायी विकल्प विकसित करना और अपनाना महत्वपूर्ण है। बायोडिग्रेडेबल प्लास्टिक: इन प्लास्टिक को मिट्टी में प्राकृतिक रूप से तोड़ने के लिए डिजाइन किया गया है, जिससे कोई माइक्रोप्लास्टिक अवशेष नहीं निकलता है। उदाहरण के लिए, मेटर-बी अक्षय कच्चे माल से बनी एक कम्पोटेबल मल्च फिल्म है। जैव-आधारित सामग्री: शोधकर्ता कृषि कचरे से ही पैकेजिंग और अन्य सामग्री विकसित कर रहे हैं। उदाहरण के लिए, ककळ मद्रास की एक टीम नें ८ूाक्ष्ं से एक बायोडिग्रेडेबल पैकेजिंग सामग्री बनाई है, जो कृषि और कागज के कचरे पर उगाई जाने वाली कवक की जड़ जैसी संरचना है। प्राकृतिक फाइबर: पौधे आधारित मुल्च, खाद योग्य फिल्मों और प्राकृतिक फाइबर जैसी कार्बनिक सामग्रियों का उपयोग पर्यावरण की लागत के बिना प्लास्टिक को समान लाभ प्रदान कर सकता है। पुनः प्रयोज्य पैकेजिंग सिस्टम: पुनः प्रयोज्य प्लास्टिक कंटेनर (आरपीसी), लकड़ी के बक्से और जूट के बोरे थोक कृषि उत्पादों के परिवहन के लिए मजबूत विकल्प हैं। 3। बेहतर पुनर्चक्रण और अपशिष्ट प्रबंधन कृषि प्लास्टिक को रीसायकल करना आसान और अधिक कुशल बनाना समाधान का एक प्रमुख हिस्सा है। समर्पित रीसाइक्लिंग कार्यक्रम: कंपनियां और स्थानीय समुदाय हार्ड-टू-रीसायकल कृषि प्लास्टिक के लिए विशेष रीसाइक्लिंग कार्यक्रम स्थापित कर रहे हैं, जैसे कि साइलेज रैप और ट्विन।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# रामपुर नवीन मंडी में आढतियों के साथ उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा : अरविंद गुप्ता

**वेलकम इंडिया**



**रामपुर।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल तिलक नगर कॉलोनी से व्यापार मंडल के पदाधिकारी और व्यापारी साथी इकट्ठा हुए मंडी समिति डूंगरपुर पहुंचे और कार्यालय पर पहुंचकर उन्होंने चंद्रपाल जी को एक ज्ञापन प्रेषित किया इस अवसर पर युवा जिला अध्यक्ष अरविंद गुप्ता ने कहा कि नवीन मंडी स्थल डूंगरपुर में लगातार फ्रूट व सब्जी आढतियों के साथ उत्पीड़न किया जा रहा है लगातार व्यापारियों द्वारा अनुरोध के बावजूद भी व्यापारियों के टीन सेट तोड़ दिए गए हैं जिसकी वजह से आढतियों व किसानों की फल व सब्जी खराब व नष्ट हो रही है साथ ही तीन मैन गेट होने के बावजूद भी मात्र मंडी का एक ही गेट खोला जा रहा है साथ ही साफ सफाई की व्यवस्था अत्यधिक ज्यादा खराब है जिससे जनपद रामपुर की स्वच्छ सिटी की छवि धूमिल हो रही है जब भी चुनाव की प्रक्रिया शुरू होती है तो मतगणना रामपुर नुमाइश ग्राउंड में होनी चाहिए ना कि फ्रूट व सब्जी मंडी में जिससे व्यापारियों पर हो रहा उत्पीड़न व जुल्म अत्याचार नहीं रोका गया तो व्यापारी समाज लामबंद होगा जिससे रामपुर की अर्थव्यवस्था में सुधार विकसित नहीं हो पा रहा है इस अवसर पर युवा जिला अध्यक्ष अरविंद गुप्ता, शाहिद खान आढती, जिला संगठन मंत्री शाहिद अली, शिबू खान, जिला प्रचार मंत्री शादाब खान, शब्बू खान, सोहेल खान ,फहद खान, मंडल अध्यक्ष अब्दुल्ल वासिक, प्रदेश मंत्री पप्पू खान, असीफुल्लाह प्रदेश प्रचार मंत्री, व अन्य सैकड़ो आढती व पदाधिकारी मौजूद रहे।

# उत्तरांचल में हुए हादसे का वीर खालसा सेवा समिति की और से मृतक के प्रति गहरा दुख प्रकट किया




**वेलकम इंडिया**

**रामपुर।** गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में उत्तरांचल में आई भयंकर आपदा जिसमें काफी लोग की मौत की खबर है बहुत ही भयानक मंजर उत्तरांचल में हुए हादसे का वीर खालसा सेवा समिति की और से मृतक के प्रति गहरा दुख प्रकट किया वह वाहेगुरु से अरदास की वाहेगुरु उनको अपने चरणों में निवास वी पीछे परिवार को दुख सहने की शक्ति प्रदान करें समिति के अध्यक्ष अवतार सिंह ने कहा उत्तरांचल मे बादल फटने से जो त्रासदी आई है वह बहुत ही दुखदाई है समिति द्वारा हाथ से मैं जो भी मृत्यु के शिकार हुए हैं उनके प्रति शोक संवेदना प्रकट करते हैं इस मौके पर सेवा सिंह मनिंदर सिंह गुलशन अरोड़ा सनी कपूर धनवंत सिंह हरभजन सिंह बत्रा जगजोत सिंह सतनाम सिंह परमजीत सिंह कुलजीत जुनेजा बलबीर अरोड़ा मदनलाल अरोड़ा दविंदर कुमार जोरावर सिंह कुलविंदर सिंह मोनू सिंह बच्चन सिंह धनवंत सिंह बॉबी जरनैल सिंह सनी बबलू काफी संख्या में संगत मौजूद रही अरदास ग्रंथि सुरजीत सिंह ने की।

# शिप्रा शर्मा ने बीएड प्रथम वर्ष मे प्रथम स्थान प्राप्त कर कॉलेज टॉप किया

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**



**चांदपुर :** शकुंतला महाविद्यालय चांदपुर के बीएड प्रथमवर्ष और द्वितीय वर्ष का परीक्षा परिणाम घोषित हो गया है। बीएड प्रथम वर्ष में शिप्रा शर्मा ने 70.57 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त कर कॉलेज टॉप किया। महाविद्यालय उपप्राचार्य डॉ शिवानी शर्मा ने शिप्रा शर्मा को शुभकामनाएं दी और कहा कि सभी छात्र-छात्राएं अपने जीवन में इतनी मेहनत करना ताकि एक सफल व्यक्ति बनकर अपने माता पिता और गुरुजनों का गर्व से सिर ऊंचा कर दो। भगवंत ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन डॉ अनिल सिंह ने भी सभी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं प्रेषित की।

# हर घर से पहली रोटी गौ माता के लिए मुहिम का आगाज!

**वेलकम इंडिया**

**सवाई माधोपुर।** गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा दिलाने के लिए एक नई पहल की शुरूआत हो चुकी है। हिंदुस्तान शिवसेना के राष्ट्रीय महासचिव और राजस्थान प्रभारी जितेन्द्र सिंधी ₹जीतू भइया₹ को महाराष्ट्र के बोरीवली में आयोजित चतुर्मास गौ विधान सभा सत्र के दौरान दौसा का गौ सांसद नियुक्त किया गया है। यह ऐतिहासिक नियुक्ति ज्योतिषपीठाधीश्वर परमधमार्धीश जगतगुरु श्री श्री 1008 अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज द्वारा उनके हिंदुत्व और गौ सेवा के समर्पण को देखते हुए सर्वसम्मति से की गई। गौ माता को राष्ट्र माता घोषित कराना ही मेरा लक्ष्य जीतू भइया नवनियुक्त गौ सांसद जितेन्द्र सिंधी ने कहा कि अब उनकी प्राथमिकता होगी कि गौ माता को सरकार राष्ट्र माता घोषित करे। उन्होंने यह भी घोषणा की कि जल्द ही एक राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू करेंगे ₹हर घर से पहली रोटी गौ माता के लिए₹। उन्होंने कहा कि यह केवल धार्मिक पहल नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति की पुनर्स्थापना का एक प्रयास है। हिंदुस्तान शिवसेना में खुशी की लहर, दिल्ली से दौसा तक जश्न इस मौके पर हिंदुस्तान शिवसेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष व दिल्ली हाई कोर्ट के एडवोकेट राजेन्द्र सिंह तोमर ₹राजा भइया₹ ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जीतू भइया को बधाई दी और कहा इस जिम्मेदारी से जीतू भइया का कद ही नहीं, बल्कि पार्टी की राष्ट्रीय छवि भी और मजबूत होगी। उन्होंने यह भी बताया कि महाराष्ट्र के बोरीवली में आयोजित इस गौ संसद में देशभर से हजारों गौ भक्त शामिल हुए और इस नियुक्ति को धर्म और संस्कृति की बड़ी जीत बताया। सवाई माधोपुर में हुआ भव्य स्वागत अपने गृह जिले सवाई माधोपुर लौटने पर जीतू भइया का कार्यकताओं और हिंदू संगठनों ने भव्य स्वागत किया। सुरेंद्र सिंह अचलपुरा और बस्सी के गौ भगत सहित कई वरिष्ठ हिंदू नेताओं ने उन्हें शुभकामनाएं दीं और पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया।






# हर्षित गौड ने बीएड द्वितीय वर्ष मे 74.42 प्रतिशत अंक प्राप्त किये

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**



**चांदपुर :** शकुंतला महाविद्यालय चांदपुर के बीएड प्रथमवर्ष और द्वितीय वर्ष का परीक्षा परिणाम घोषित हो गया है। बीएड द्वितीय वर्ष में हर्षित गौड ने 74.42 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। महाविद्यालय उपप्राचार्य डॉ शिवानी शर्मा ने हर्षित गौड को शुभकामनाएं दी और कहा कि सभी छात्र-छात्राए अपने जीवन में इतनी मेहनत करना ताकि एक सफल व्यक्ति बनकर अपने माता पिता और गुरुजनों का गर्व से सिर ऊंचा कर दो। भगवंत ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन डॉ अनिल सिंह ने भी सभी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं प्रेषित की।

# जनसेवा समिति का एक प्रतिनिधिमंडल जिला अस्पताल पहुंचा सीएमएस डॉक्टर डी के वर्मा से डॉक्टर की कमी को लेकर मुद्दा रखा

**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**



जन सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष वसीम उल हसन खान अपनी कोर टीम के साथ जिला अस्पताल पहुंचे जहां पर सीएमएस डीके वर्मा से मुलाकात करी डॉक्टर की कमी को लेकर मुद्दा रखा रिक्त पदों पर हार्ड स्पेशलिस्ट न्यूरोलॉजिस्ट शुगर एलर्जी और सर्जन ,इ ,ऐन, टी,बेहोशी आईसीयू वार्ड डॉक्टरों की तैनाती की मांग करी कुछ लोगों के ऑपरेशन नहीं हो पा रहे थे उनके ऑपरेशन के लिए संज्ञान में डाला गया जिस पर डीके वर्मा ने तत्काल ऑपरेशन के लिए डॉक्टर को कहा और यकीन दिलाया है कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी सीएमएस ने भरोसा दिलाया है कि हम बहुत जल्दी आपकी बात शासन को भेजेंगे और रिक्त पदों पर डॉक्टरों की कमी को पूरा करने का प्रयास करेंगे जन सेवा समिति के नगर अध्यक्ष हारिस शमसी ने बताया कि जनसेवा समिति का एक प्रतिनिधिमंडल जिला अस्पताल पहुंचा जहां पर सीएमएस डीके वर्मा से मुलाकात करी सीएमएस डीके वर्मा ने अस्पताल का भ्रमण कराया एडमिट मरीजों का हाल-चाल जाना और डायलिसिस विभाग दिखाया जहां पर प्रतिदिन 10 से 15 लोगों का डायलिसिस कराया जाता है सीएमएस ने बताया कि पूरे अस्पताल के अंदर साफ सफाई की व्यवस्था एकदम चक चोबंद है कहीं पर कोई भी गंदगी नहीं है पार्किंग व्यवस्था गाड़ियां अपनी जगह पर लगवाई जा रही हैं वार्डों में और पूरे अस्पताल के अंदर सुबह शाम सफाई कराई जा रही है बाथरूम और टॉयलेट के अंदर किसी तरीके की कोई गंदगी नहीं है स्टाफ को दिशा निर्देश दिए गए हैं कोई भी अपनी ड्यूटी पर अपनी जगह से ना हटे मरीज के एडमिट होने से लेकर मरीज की छुट्टी होने तक उसके इलाज पर पूरी नजर रखी जा रही है और आगे भी हम अस्पताल के अंदर आने वाले टाइम में आपको तब्दीलियां देखने को मिलेगी

# बाढ़ प्रभावित परिवारों को नहटौर विधायक ओम कुमार द्वारा राशन किट का वितरण किया गया

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**



**बिजनौर।** अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वान्या सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि आज नाजीबाबाद तहसील के कछियाना ग्राम के 100 बाढ़ प्रभावित परिवारों को विधायक नहटौर ओम कुमार द्वारा राशन किट का वितरण किया गया। विधायक ओम कुमार ने बताया कि तहसील सदर के अन्तर्गत ग्राम घुड़ियापुर मे भारी वर्षा के कारण 04 व्यक्ति जिनका नाम कपिल पुत्र चन्दर निवासी हुसैनपुर, गुलाब पुत्र चन्दर निवासी हुसैनपुर, जयकृष्ण पुत्र ब्रजपाल निवासी हुसैनपुर, सोनू पुत्र खेमचन्द निवासी हुसैनपुर, रात्री लगभग 08 बजे गंगा नदी के पार फंसने की सूचना प्राप्त हुई। तत्पश्चात जिला स्तर पर स्थापित कन्ट्रोल रूम में तहसील द्वारा घटना के बारे मे अवगत कराया गया जिसके बाद जिला स्तर पर ठहरी एनडीआरएफ टीम को मौके पर भेजा गया, उनके द्वारा रात्री मे रेस्क्यू कार्यक्रम जारी किया गया रात्रि लगभग 03 बजे एनडीआरएफ टीम को सफलता प्राप्त हुई जिसमें गंगा नदी में फंसे 04 लोग तथा 02 पशुओं को सही सलामत रेस्क्यू किया गया। उन्होंने बताया कि तहसील नजीबाबाद मे लगातार हो रही वर्षा के दृष्टिगत तहसील नजीबाबाद के ग्राम पीतमगढ़ उर्फ मिजार्पुर मे पीतम गढ़ की पुलिया क्षतिग्रस्त हुई जिसके पश्चात पी०ए०सी० की टीम लगाकर ग्राम वासियों को सहायता दी जा रही है। अपर जिलाधिकारी (वि०/रा०) ने यह भी बताया कि उनके द्वारा जिला मुख्यालय पर पर स्थापित ई०ओ०सी० कन्ट्रोल रूम का निरीक्षण किया गया तथा कन्ट्रोल रूम मे आयी समस्या का निस्तारण की जांच की गयी तथा मौके पर मौजूद कर्मचारियों को बाढ़ के दृष्टिगत सतर्कता बरतने के निर्देश दिये। उन्होंने बताया कि तहसील नजीबाबाद के अन्तर्गत लगातार हो रही वर्षा से मालन नदी का जल स्तर बढ़ जाने के कारण ग्राम खैरुल्लापुर ए०, मौज्जमपुर तुलसी ए०, अलीपुरा ग्राम में आबादी तथा परिवार प्रभावित होने की सूचना प्राप्त हुई, जिसके पश्चात जनपद स्तर से कार्यवाही करते हुए ग्राम मे प्रभावित हुए परिवारों को सरकार द्वारा प्राप्त करायी गयी 100 राशन किट का वितरण जनप्रतिनिधि द्वारा तहसील स्तर पर कराया गया तथा ग्राम वासियों को तत्काल राहत प्रदान की गयी। उन्होंने यह भी बताया कि नगीना तहसील मे लगातार हो रही वर्षा के दृष्टिगत उपजिलाधिकारी द्वारा ग्राम महेश्वरी जट का भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान ग्राम वासियों को बाढ़ से बचाव के लिए जानकारी उपलब्ध करायी गयी एवं ग्रामीणों को नदी के निकट न जाने की सलाह दी गयी है।

# बिजनौर की बेटियां मरेंगी कानपुर में बाजी!

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



**बिजनौर** नजीबाबाद की दो होनहार बेटियों ने एक बार फिर जिले का नाम रोशन किया है। अश्मित खेलो इंडिया ताइक्वांडो प्रतियोगिता, जो 6 से 8 अगस्त तक कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में आयोजित हो रही है, उसमें नजीबाबाद ताइक्वांडो ट्रेनिंग अकादमी (आदर्श नगर) की दो छात्राओं का चयन हुआ है।पायल वर्मा और नजीबाबाद थाना क्षेत्र के गांव जगदीशपुर उर्फ बाजोपुर निवासी किसान नेता रामोद कुमार की सुपुत्री कुमारी हिमांशी प्रजापति,ये दोनों खिलाड़ी प्रतियोगिता में दमखम दिखाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। खास बात यह है कि ये दोनों छात्राएं नगीना स्थित कस्तूरबा गांधी विद्यालय की हैं और प्रधानाचार्या मीनाक्षी चौधरी की देखरेख में लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि की जानकारी ताइक्वांडो ट्रेनिंग अकादमी के कोच रिंकू वर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि कठिन परिश्रम और अनुशासन का ही परिणाम है कि इन दोनों छात्राओं का चयन राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में हुआ है।

बिजनौर के खेल प्रेमियों और शिक्षकों में इस उपलब्धि को लेकर खुशी की लहर है। उम्मीद की जा रही है कि ये दोनों खिलाड़ी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर जिले को गौरवान्वित करेंगी।

# गंगा का जलस्तर बढ़ा बनी बाढ़ की स्थिति प्रशासन अलर्ट:एसडीएम प्रियंका गोयल

बुलंदशहर छोटी काशी अनूपशहर में पहाड़ी व मैदानी क्षेत्रों में बारिश के चलते सिंचाई विभाग द्वारा मंगलवार को बिजनौर बैराज से 2 लाख 36 हजार क्यूसेक जल छोड़ा गया था। बुधवार की शाम को अनूपशहर क्षेत्र में पहुंचने लगा है। जिससे गंगा में बाढ़ का रूप विकराल होता जा रहा है। बुधवार को नगर के मौहल्ला गंगा द्वार तथा जाह्नवी प्लेटफार्म पर बाढ़ का पानी लगातार अंदर की ओर बढ़ रहा है। मौहल्ला मदार गेट में सीवर प्लांट से सटकर बाढ़ का पानी टकरा रहा है।

# मृतक के परिवार को उचित मुआवजा दिलाने की काजी तारिक अली तथा चौधरी शोएब ने की मांग

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



जनपद बिजनौर के किरतपुर।राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश सचिव काजी तारिक अली तथा युवा राष्ट्रीय लोकदल रूहेलखंड क्षेत्रीय मंत्री चौधरी शोएब ने मंगलवार को फ्रीजर में आए बिजली के करंट लगने से हुई मोहल्ला मलकान निवासी अदनान पुत्र शाहनवाज के अचानक हुई मौत पर रंजो गम का इजहार किया है तथा पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा दिलाए जाने की मांग की है।एक संयुक्त प्रेस नोट मे काजी तारिक अली तथा चौधरी शोएब ने कहा कि यह हादसा दिल दहला देने वाला है अचानक हुई इस मौत से उन्हें गहरा आघात पहुंचा है वे अदनान को देखने कल्याणी अस्पताल भी पहुंचे थे परंतु डॉक्टरो ने उसे मृत घोषित कर दिया था।मृतक के परिजनों का रोना देखा नहीं जा रहा था लेकिन होनी को कोई नहीं टाल सकता।अब मृतक के परिजनों को प्रशासन द्वारा दस लाख का मुआवजा दिलाया जाना चाहिए जिससे पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता मिल सके।तथा आने वाले समय में उन्हें आर्थिक तंगी का सामना न करना पड़े।

# लिव-इन रिलेशनशिप में युवती की हत्या लाइब्रेरी में दफनाई लाश, प्रेमी निकला कातिल

असदुल्लाह सिद्दीकी

**सिद्धार्थनगर।** शोहरतगढ़ नगरपंचायत के वार्ड नम्बर 4 दशरथ नगर में 4 अगस्त को निमार्णाधीन लाइब्रेरी में एक महिला की लाश मिली थी।वही, पूरे मामले के बाद पुलिस ने महिला की हत्या मे तेजी से एक्शन लिया और आरोपी प्रेमी को गिरफ्तार भी कर लिया है। प्रेमी महिला के प्रेग्नेंट होने से नाराज था। वो अबॉर्शन कराने की जिद कर रहा था। उसको शक था कि बच्चा उसका नहीं है। लेकिन, महिला ये बात नहीं मान रही थी।

इसके बाद प्रेमी ने फिल्म दृश्यम की तरह प्रेमिका को मारकर निमार्णाधीन लाइब्रेरी में दफन कर दिया। फिर पूरी रात वहीं पर सोता रहा, जिससे किसी को शक न हो। शोहरतगढ़ पुलिस और एसओजी टीम ने प्रेमी को बिहार के चंपारण से गिरफ्तार कर लिया था। बुधवार को उसको जेल भेज दिया गया। मामला शोहरतगढ़ नगर पंचायत का है। 4 अगस्त को



सिद्धार्थनगर में एक निमार्णाधीन लाइब्रेरी में महिला की लाश मिली थी। कमरे की जमीन खोदकर शव निकाला गया था। बॉडी करीब 7 दिन पुरानी बताई जा रही थी। महिला के चेहरे और हाथ-पैर का मांस गल चुका था। मसूड़े बाहर आ गए थे। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया था। एसपी डॉ. अभिषेक महाजन ने बताया महिला नींबू मलिक शादीशुदा थी। वह बिहार में रहती थी। लेकिन, वह करीब 8 महीने से वह अपने पति से अलग रह रही थी। उसका एक बच्चा भी है, जो अपने पिता के पास रहता है। पति से अलग होने के बाद नींबू मलिक अपने प्रेमी शिव बालक के साथ बिहार से सिद्धार्थनगर आ गई थी।यहां दोनों मजदूरी करते और लिव-इन रिलेशनशिप में रह रहे थे। दोनों ने एक साथ लाइब्रेरी में काम शुरू किया। इसी बीच नींबू मलिक प्रेग्नेंट हो गई। इसकी पुष्टि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में भी हुई है। नींबू के प्रेग्नेंट होने पर शिव बालक बहुत नाराज हुआ। वो अबॅर्शन कराना चाहता था। लेकिन, नींबू इस बात के लिए तैयार नहीं थी। दोनों में इस बात को लेकर कई दिनों तक झगड़ा होता रहा। इस बीच, शिव बालक उससे छुटकारा पाने की कोशिश करने लगा। उसने नींबू को मारने का प्लान बना लिया। इसी बीच, शिव को पता चला कि नागपंचमी के बाद लाइब्रेरी में काम रुक जाएगा। उसने नींबू को मारने का प्लान बना लिया। शिव ने 3 अगस्त की रात नींबू से कहा कि हमें लाइब्रेरी में काम करना है। इसके बाद दोनों लाइब्रेरी पहुंचे। दोनों ने वहीं पर खाना खाया। उसके बाद नींबू सो गई। नींबू मलिक के सोने के बाद शिव बालक ने उसके सिर पर सीमेंट के भारी चक्के से 2-3 बार हमला कर दिया। इससे नींबू की मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद शिव ने उसको वहीं पर गड्ढा खोदकर दफना दिया।

# छात्राओं ने एसएसबी जवानों को रक्षाबंधन पर बांधी राखी

असदुल्लाह सिद्दीकी



**सिद्धार्थनगर।** रक्षाबंधन त्योहार के पूर्व एस.एस.बी 43वीं वाहिनी द्वारा एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 43वीं वाहिनी मुख्यालय परिसर मे सशस्त्र सीमा बल द्वारा बुधवार को रक्षाबंधन मनाया गया। पर्व के उपलक्ष्य पर सिद्धार्थ पब्लिक स्कूल की छात्राओं ने एस.एस.बी जवानों को रांखी बांधी। रांखी रिश्तों के बीच एक अटूट सम्बन्ध का प्रतिक है जो एक भाई - बहन के बीच होता है।इस त्यौहार के दिन बहन अपने भाइयों के कलाई पर सुरक्षा का धागा बंधती है जो भाई को विषम परिस्थितियों में सहायता करता है। इस पवित्र धागा के बदले भाई जीवन भर अपने बहन की रक्षा का संकल्प लेता है।इसी उदेश्य से सशस्त्र सीमा बल 43वी वाहिनी मुख्यालय परिसर में सिद्धार्थ पब्लिक स्कूल के छात्राओं ने 43वीं वाहिनी के जवानों को तिलक लगाकर रांखी बंधी तथा इन जवानों का स्नेह स्वरुप उपहार और आशीष ग्रहण किया। 43वी वाहिनी के जवान अपने घर परिवार को त्यागकर अपने कर्तव्य के पथ पर एक निष्ट देशसेवा के भाव से सीमा की रखवाली करते है, हमारे लिए यह बहुत गर्व की बात है कि हमारी बहनें हमें राखी बाँधकर इस पवित्र रिश्ते को और प्रगाढ़ कर रही हैं। यह भावनात्मक जुड़ाव हमें अपनी जिम्मेदारियों को और निष्ठा से निभाने की प्रेरणा देता है। इस मौके पर 43वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, उप कमांडेंट श्रीमती रीना, उप कमांडेंट यशवंत कुमार, सहायक कमांडेंट डांगे अंकुश सुभाष और 43वीं वाहिनी के अधिकारियों और जवानों के साथ सिद्धार्थ पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य, शिक्षक और छात्राए शामिल रही।

# इंस्टाग्राम पर प्रभु यीशु और मुस्लिम समुदाय पर अभद्र टिप्पणी से लोगों में आक्रोश

वेलकम इंडिया/चरन सिंह

**बरेली।** इंस्टाग्राम पर प्रभु यीशु मसीह और मुस्लिम समुदाय को लेकर की गई आपत्तिजनक टिप्पणियों से शहर का माहौल तनावपूर्ण हो गया है।इस मामले को लेकर भीम आर्मी के जिला उपाध्यक्ष समीर मैसी उर्फ सैम मैसी ने थाना सुभाषनगर में मुकदमा दर्ज कराया है। समीर मैसी ने बताया है कि 29 जुलाई को वह इंस्टाग्राम पर सामान्य वीडियो देख रहे थे, तभी कुछ ऐसे वीडियो उनकी फीड पर आए, जिनमें प्रभु यीशु मसीह के खिलाफ बेहद अभद्र और अपमानजनक भाषा का प्रयोग किया गया था। सैम ने अपनी शिकायत में कहा है कि यह एक साजिश के तहत धार्मिक भावनाएं भड़काने की कोशिश है। पुलिस को दी गई तहरीर में यह भी उल्लेख किया गया है कि वीडियो में केवल ईसाई समाज ही नहीं, बल्कि मुस्लिम समुदाय के प्रति भी अपमानजनक बातें कही गई हैं, जिससे




सांप्रदायिक तनाव फैलने की आशंका है। शिकायत में तीन अलग-अलग वीडियो क्लिप्स के स्क्रीनशॉट भी पुलिस को दिए गए हैं, जो संबंधित इंस्टाग्राम अकाउंट्स से शेयर किए गए थे। समीर मैसी के मुताबिक, आरोपियों ने धार्मिक सहिष्णुता को ठेस पहुंचाने के इरादे से सोशल मीडिया पर कई आपत्तिजनक पोस्ट साझा की हैं। पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए साइबर सेल को जांच सौंपी है। साइबर सेल की टीम द्वारा संबंधित इंस्टाग्राम अकाउंट्स की तकनीकी जांच कराई जा रही है, ताकि वीडियो अपलोड करने वालों की पहचान कर कार्रवाई की जा सके।

# सीएम योगी आदित्यनाथ का घेराव करने निकले कांग्रेसी-सपाई, पुलिस ने हिरासत में लेकर भेजा थाने

वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता

**बरेली।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बुधवार को बरेली आगमन से पहले जिले में सियासी तापमान चरम पर रहा। मुख्यमंत्री को ज्ञापन देने जा रहे यूथ कांग्रेस के कार्यकताओं को पुलिस ने कार्यक्रम स्थल से पहले ही हिरासत में ले लिया। वहीं समाजवादी पार्टी युवजन सभा के एक पदाधिकारी को सोशल मीडिया पर विरोध दर्ज करने की कीमत नजरबंदी के रूप में चुकानी पड़ी। इस मामले को पूर्व महानगर कांग्रेस अध्यक्ष अजय शुक्ला ने बताया है कि वह अविनाश चौबे, राज शर्मा, पारस शुक्ला, साहिब सिंह, नदीम अहमद और फिरोज खान के साथ मुख्यमंत्री को स्कूल मर्जर, महंगाई और



बेरोजगारी जैसे जनहित के मुद्दों पर ज्ञापन देने जा रहे थे। आरोप है कि पुलिस ने उन्हें पहले उनके घरों पर हाउस अरेस्ट किया और बाद में सभी को थाना कैंट भेज दिया गया। वहीं समाजवादी पार्टी युवजन सभा के महासचिव रितेश यादव को भी पुलिस ने नजरबंद कर लिया। रितेश ने सोशल मीडिया पर मुख्यमंत्री के विरोध में काले झंडे दिखाने की बात लिखी थी। उन्होंने कहा था कि युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा, महंगाई आसमान छू रही है और सरकार सिर्फ प्रचार में व्यस्त है। पुलिस ने रितेश के फेसबुक पोस्ट को गंभीरता से लिया और भोजीपुरा पुलिस ने उन्हें कार्यक्रम से पहले ही नजरबंद कर लिया। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर खुफिया विभाग सोशल मीडिया पर पूरी तरह सक्रिय रहा। किसी प्रकार की आपत्तिजनक पोस्ट या विरोध प्रदर्शन की सूचना पर तुरंत कार्रवाई की गई। सीएम कार्यक्रम के चलते शहर के कई रास्तों को बंद कर दिया गया था, जिससे आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। एक व्यक्ति ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए कहा कि बरेली में मरीज तक का रास्ता रोका गया है। मेरी भतीजी गंभीर हालत में इलाज के लिए जा रही थी, लेकिन उसे निकलने नहीं दिया गया। इसकी जवाबदेही कौन लेगा।

# संगठन सृजन अभियान को बूथ स्तर पर मजबूत करें कार्यकर्ताः ज्ञानेंद्र सिंह राघव



वेलकम इंडिया

**बुलंदशहर** बुधवार को विधानसभा क्षेत्र अनूपशहर में चल रहे संगठन सृजन अभियान के क्रम में जिला उपाध्यक्ष एवं विधानसभा प्रभारी सलाम खां ब्लॉक अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण शर्मा के साथ मंडल बूथ गठन के क्रम में क्षेत्र के गांव सुनाई में मंडल बिरौली व तोली की बैठक कर बूथ में मंडल अध्यक्ष का चयन किया बैठक की अध्यक्षता ग्राम प्रधान इंतजार अली एवं संचालन रायसिंह प्रधान ने किया बैठक को संबोधित करते हुए जिला उपाध्यक्ष एवं विधानसभा प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह राघव व जिला उपाध्यक्ष सलाम खां, ब्लॉक अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण शर्मा की उपस्थिति में कार्यकर्ता व नेताओं से राहुल गांधी राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे प्रदेश प्रभारी राष्ट्रीय महासचिव अविनाश पांडे प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, राष्ट्रीय सचिव उत्तर प्रदेश के शह प्रभारी प्रदीप नरवाल द्वारा दिए गए सामाजिक न्याय के निर्देश के क्रम में एससी ओबीसी 20% महिलाओं 50% 50 वर्ष से कम उम्र के लोगों के साथ सक्रिय समर्पित कांग्रेस कार्यकताओं को संगठन में जगह देने का आह्वान करते हुए वर्तमान की देश व प्रदेश की सरकार को हर मोर्चे पर विफल बताते हुए वर्तमान में किसान को बिजली पानी व यूरिया खाद की हो रही किल्लत पर चिंता व नाराजगी प्रकट कर आए दिन अपराध भ्रष्टाचार में हो रही ।

# कोतवाली में हुई पीस कमेटी की बैठक, शांति व सौहार्द के साथ त्योहार मनाने की अपील

असदुल्लाह सिद्दीकी

**सिद्धार्थनगर।** आगामी त्यौहार रक्षाबंधन, पन्द्रह अगस्त, चेहल्लुम एवं जन्माष्टमी के मद्देनजर सिद्धार्थनगर कोतवाली में पीस कमेटी की बैठक हुई। इसमें थाना क्षेत्र के प्रधान, वार्ड सभासद और संभ्रांत लोगों ने हिस्सा लिया। सदर कोतवाल दुर्गा प्रसाद ने कानून व्यवस्था बनाए रखने की अपील की।

आगामी त्योहारों के मद्देनजर बुधवार को सिद्धार्थनगर थाने में पीस कमेटी की मीटिंग की गई। मीटिंग में थाना क्षेत्र के वार्ड सभासद, ग्राम प्रधान, पूर्व प्रधान, बीडीसी और संभ्रांत लोगों ने हिस्सा लिया। सदर कोतवाल दुर्गा प्रसाद ने मौजूद लोगों से कानून व्यवस्था बनाये रखने में सहयोग की अपील की। सदर कोतवाल दुर्गा प्रसाद ने इलाकाई लोगों से उनके गांवों की



समस्याओं के बारे में जानकारी की। खास तौर पर आगामी त्यौहार रक्षाबंधन, 15 अगस्त, चेहल्लुम एवं जन्माष्टमी पर किसी प्रकार के वाद विवाद की आशंका की जानकारी जुटाई। भविष्य में कोई घटना न हो इसके बारे में लोगों को जागरूक किया। लोगों से अपील की गई कि त्योहारों के दौरान अराजकता फैलाने वाले तत्वों को चिन्हित कर तुरंत सूचना दें। सभी से सौहार्द पूर्वक त्योहार मनाने की अपील की गई। इस दौरान पुरानी चौकी प्रभारी अशोक कुमार, जेल चौकी प्रभारी अमित बालियान, देवलहवां ग्रान्ट ग्राम प्रधान मोहम्मद रफीक, बब्बू खां, इरान खां, गुड्डू खा, आजाद नगर सभासद जहीर सिद्दीकी, मोहम्मद हनीफ तोनियाहे बाबा, नूरूल खां, सभासद गिरजापति आदि तमाम लोग मौजूद रहे।

# पिकप वाहन ने महिला को रौंदा, महिला की हुई मौत

वेलकम इंडिया

बागेश्वर, नगर क्षेत्र के बिलौना वार्ड में एक दर्दनाक हादसा हो गया।बिलौना में सीएमओ गेट के समीप बुधवार दोपहर एक महिला सड़क किनारे पैदल चल रही थी, तभी एक पिकप वाहन ने महिला को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे महिला गम्भीर रूप से घायल हो गई।घटना होते ही आसपास लोगों ने महिला को घायलावस्था में तत्काल जिला अस्पताल ले गए, जहाँ चिकित्सक ने महिला को मृत घोषित कर दिया।मामले की सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई।प्राप्त जानकारी के आधार पर 54 वर्षीय भागुली देवी गरूड़ क्षेत्र से लौट अपने घर वापस लौट रही थी, तभी अचानक एक तेज रफ्तार पिकप वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में महिलाकी मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच



गया। साथ ही बिलौना में शोक की लहर दौड़ गई। थी। सूचना मिलते ही स्थानीय लोग भी जिला अस्पताल पहुँचे।जहां पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मामले कि जांच शुरू कर दी है।पुलिस ने पिकप वाहन चालक को मौके से गिरफ्तार कर पिकप वाहन को भी कब्जे में ले लिया है।वही पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन की राष्ट्रीय कोर कमेटी में मुनेंद्र त्यागी की वापसी, नई जिम्मेदारी सौंपी गई

जाकिर तुर्क वेलकम इंडिया

**मेरठ।** परीक्षितगढ़ स्थित गांधी स्मारक डिग्री कॉलेज, में बुधवार को ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन की एक अहम बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता संगठन के राष्ट्रीय संरक्षक दयाचंद वर्क ने की, जबकि राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल चौधरी और प्रदेश अध्यक्ष वीरेश तरार वर्चुअल रूप से जुड़े। बैठक में संगठन के विस्तार, मजबूती और सक्रियता को लेकर व्यापक चर्चा की गई। इस दौरान पूर्व प्रांतीय महामंत्री मुनेंद्र त्यागी की संगठन में पुनः सक्रिय भागीदारी को लेकर प्रस्ताव रखा गया। बता दें कि वे कुछ समय से पारिवारिक और स्वास्थ्य कारणों के चलते संगठनात्मक गतिविधियों से दूर थे। सभी पदाधिकारियों के अनुरोध पर मुनेंद्र त्यागी ने संगठन के प्रति अपनी निष्ठा और प्रतिबद्धता दोहराई और सक्रिय भूमिका



निभाने की स्वीकृति दी। इस पर संगठन के राष्ट्रीय संरक्षक दयाचंद वर्क और राष्ट्रीय महामंत्री हरेंद्र चौधरी ने उन्हें राष्ट्रीय कोर कमेटी में शामिल करने की औपचारिक घोषणा की। मुनेंद्र त्यागी ने विश्वास जताया कि वे राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल चौधरी और प्रदेश अध्यक्ष वीरेश तरार के नेतृत्व में संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के लिए कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि संगठन की सक्रियता और लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है, और वे इसमें सकारात्मक योगदान देने के लिए तत्पर हैं। बैठक में राष्ट्रीय सचिव अशोक सोम, क्षेत्रीय अध्यक्ष यशपाल सिंह, मेरठ जिला अध्यक्ष संजीव कुमार तोमर, मुमताज अली, उस्मान अली और विवेक त्यागी सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी और पत्रकार साथी मौजूद रहे। राष्ट्रीय संरक्षक दयाचंद वर्क ने आशा जताई कि मुनेंद्र त्यागी के अनुभव से संगठन को नई ऊर्जा और दिशा मिलेगी।

# जे.एम.एस.आई.टी., गाज़ियाबाद में नवागंतुक विद्यार्थियों के लिए भव्य ओरिएंटेशन

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ

हापुड़ मसूरीगाज़ियाबाद जे.एम.एस. इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, गाज़ियाबाद में शैक्षणिक सत्र 2025झ26 के लिए बी.टेक. पॉलिटेक्निक, बी.फार्मा, डी.फार्मा, एम.बी.ए. एवं एम.सी.ए. पाठ्यक्रमों में नवप्रवेशित विद्यार्थियों के स्वागत में एक भव्य ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को संस्थान की शैक्षणिक संरचना, अनुशासन व्यवस्था, सुविधाओं और भविष्य की योजनाओं से परिचित कराना था।

कार्यक्रम की शुरूआत बी.एच.यू., वाराणसी के प्रख्यात मोटिवेशनल स्पीकर प्रो. डॉ. बी.डी. सिंह द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुई। डॉ. सिंह ने विद्यार्थियों को लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने, नैतिक मूल्यों को अपनाने और आत्मविकास की दिशा में सतत प्रयासरत रहने की प्रेरणा दी।लॉयड बिजनेस स्कूल, ग्रेटर नोएडा के डीन एकेडमिक्स, डॉ. रिपुदमन गौर ने भी छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि वे भारत के भविष्य के निमार्ता हैं, और तकनीकी दक्षता को अपनाकर वे अपने जीवन को सार्थक बना सकते हैं।संस्थान के चेयरमैन राकेश सिंहल ने विद्यार्थियों का गर्मजोशी से स्वागत करते हुए कहा, यह दिन आपके जीवन की एक नई शुरूआत है। आपने हमारे संस्थान को अपने भविष्य के निर्माण के लिए चुना, यह हमारे लिए गर्व की बात है। यह ओरिएंटेशन कार्यक्रम केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि हमारे शैक्षणिक, सांस्कृतिक और नैतिक मूल्यों से आपके जुड़ाव का प्रथम कदम है।ह्व उन्होंने समस्तअतिथियों एवं गणमान्यजनों के प्रति भी आभार प्रकट किया।जे.एम.एस. ग्रुप के महानिदेशक डॉ. सुभाष गौतम ने कार्यक्रम की अवधारणा पर प्रकाश डालते हुए इसे भारत के शिक्षाविदों की दूरदर्शिता का परिणाम बताया और नवागंतुक विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।संस्थान के महासचिव डॉ. हिमांशु सिंहल ने शिक्षा के महत्व और सामाजिक उत्तरदायित्व पर बल देते हुए कहा, कॉलेज जीवन केवल डिग्री प्राप्त करने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह आपके व्यक्तित्व को आकार देने, विचारों को विस्तार देने और समाज में अपनी भूमिका को समझने का अमूल्य अवसर है प्राचार्य डॉ. प्रवीण गुप्ता ने छात्रों व अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि कॉलेज जीवन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का आधार है, और यह कार्यक्रम उन्हें एक सकारात्मक शुरूआत प्रदान करता है।निदेशक डॉ. अनिरुद्ध बिस्वास ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में लक्ष्य निर्धारण, समय प्रबंधन, अनुशासन और सकारात्मक सोच की महत्ता पर प्रकाश डाला।कार्यक्रम के समापन पर कम्प्यूटर एप्लिकेशन विभागाध्यक्ष श्री अंकुर चौधरी ने पीपीटी के माध्यम से संस्थान द्वारा संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों, शैक्षणिक ढांचे एवं संस्थान की वैल्यूज विजन, मिशन और लक्ष्य की विस्तृत जानकारी दी।कार्यक्रम के समुचित संचालन और व्यवस्थापन की जिम्मेदारी कैंपस मैनेजर डॉ. गौरव शर्मा ने अपनी एडमिन टीम के साथ कुशलतापूर्वक निभाई, जिससे टीमवर्क की उत्कृष्ट मिसाल प्रस्तुत हुई।

इस अवसर पर संस्थान के समस्त पदाधिकारी, शिक्षण एवं गैर-शिक्षण कर्मचारी उपस्थित रहे।कार्यक्रम नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक, प्रेरणादायक और उत्साहवर्धक सिद्ध हुआ। सभी विद्यार्थियों ने इस आयोजन की सराहना की और संस्थान के प्रति आभार व्यक्त किया।



# सीएम योगी ने बरेली को दी 22 अरब 64 करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं की सौगात

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**



**बरेली।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को बरेली को विकास की बड़ी सौगात दी। सीएम योगी द्वारा हजियापुर में 129 करोड़ की लागत से बने बरेली मंडल के पहले यूनानी मेडिकल कॉलेज का लोकार्पण कर जहां इलाज और पढ़ाई की राह आसान की, वहीं बरेली कॉलेज के मैदान से 22.64 हजार करोड़ रुपये की 545 परियोजनाएं जनता को समर्पित कीं। मुख्यमंत्री योगी ने 223 विकास कार्यों का लोकार्पण और 322 कार्यों का शिलान्यास कर जिले को नई ऊंचाई देने का संकल्प दोहराया। इस कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने सीएम युवा उद्यमी योजना के लाभार्थियों को डमी चेक सौंपे और स्वयं सहायता समूह की लखपति दीदियों को सम्मानित किया। बरेली कॉलेज मैदान पर आयोजित विशाल जनसभा में हजारों की संख्या में लोग पहुंचे। रोजगार मेले में पहुंची 72 निजी कंपनियों के प्रतिनिधियों ने 7000 पदों के लिए अभ्यर्थियों को रोजगार का विकल्प दिया। जिसमें से 5452 अभ्यर्थी मेले में पहुंचे और 1932 को ही रोजगार मिल सका। जिनमें से मुख्यमंत्री ने पांच लाभार्थियों को मंच से डमी नियुक्ति पत्र देकर योजना का लाभ देने की शुरूआत की। जनसभा स्थल पर तिरंगे रंग का भव्य पंडाल सजाया गया था। सीएम योगी ने यहां पहुंचकर विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया और विभागीय कार्यों की जानकारी ली। मैदान में प्लाई बिछाकर आने-जाने के रास्तों को व्यवस्थित किया गया था। मुख्यमंत्री ने ऊर्जा विभाग, जल निगम ग्रामीण, नगर निगम, पर्यटन विकास निगम, बरेली विकास प्राधिकरण, यूपी प्रोजेक्ट कॉरपोरेशन, राज्य निर्माण सहकारी संघ और पीडब्ल्यूडी के निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया। कुल 8 विभागों की 165 परियोजनाएं 1000 करोड़ से ज्यादा की लागत से शुरू की गईं। मुख्यमंत्री ने जल निगम, ऊर्जा विभाग, नगर निगम, बाढ़ खंड, पर्यटन विभाग, पीडब्ल्यूडी व अन्य विभागों की 223 परियोजनाओं का लोकार्पण किया, जिनसे जनता को सीधा लाभ मिलना शुरू हो गया है। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। कार्यक्रम स्थल पर ड्रोन से निगरानी की गई। 1600 पुलिसकर्मी, पीएसी और खुफिया एजेंसियों की टीमों को तैनात किया गया था। एसएसपी अनुराग आर्य और डीएम समेत आला अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल की सुरक्षा, यातायात और आपातकालीन योजना की समीक्षा की। कार्यक्रम से पहले मुख्यमंत्री ने सर्किट हाउस में बरेली मंडल के 28 जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर विकास कार्यों की समीक्षा की।

# डीएम ने आई0जी0आर0एस0 पोर्टल पर प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों के निस्तारण में फरियादियों के संतुष्टि का फीडबैक 50% से कम पाए जाने पर 09 अधिकारियों का वेतन बाधित करने एवं 12 अधिकारियों को चेतावनी जारी करने का दिया निर्देश

**वेलकम इंडिया**

**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी आलोक कुमार ने आइ0जी0आर0एस0 पोर्टल पर प्राप्त शिकायती संदर्भों के निस्तारण की गुणवत्ता में लापरवाही एवं उदासीन रवैया अपनाए जाने फलस्वरुप प्रकरणों से संबंधित शिकायतकताओं की संतुष्टि का फीडबैक खराब पाए जाने को गंभीरता से लेते हुए 09 अधिकारियों का अगस्त माह का वेतन बाधित करने एवं 12 अधिकारियों को चेतावनी जारी करने का निर्देश दिया है। उल्लेखनीय है कि आई0जी0आर0एस0 पोर्टल पर शिकायती प्रार्थना पत्रों का ससमय निस्तारण किये जाने तथा कोई भी प्रकरण डिफाल्टर न हो/प्रकरण का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए तथा शिकायतकर्ता की संतुष्टि का फीडबैक लिये जाने आदि से संबंधित स्पष्ट निर्देश दिया गया है, परन्तु संदर्भों की समीक्षा बैठक में बार-बार निर्देश दिए जाने के बावजूद कुछ अधिकारियों द्वारा लापरवाही पाए जाने पर जिलाधिकारी द्वारा उक्त निर्देश दिए गए हैं। जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में शिकायतों के निस्तारण में गुणवत्ता का अभाव के कारण शिकायतकताओं द्वारा असंतुष्टि का फीडबैक दिए जाने पर जिन अधिकारियों का माह अगस्त का वेतन बाधित किया गया है उनमें उपायुक्त वाणिज्य कर अधिकारी, बंदोबस्त चकबंदी अधिकारी, जिला युवा कल्याण अधिकारी, प्रभारी चिकित्साधिकारी मेंहदावल, प्रभारी चिकित्साधिकारी नाथनगर, सहायक विकास अधिकारी हैसर बाजार, सहायक विकास अधिकारी सेमरियांवा, खण्ड विकास अधिकारी नाथनगर, खण्ड विकास अधिकारी सेमरियांवा/खलीलाबाद, संत कबीर नगर का माह अगस्त का वेतन बाधित किया गया है। जिलाधिकारी ने उक्त अधिकारियों को निर्देशित किया है कि शिकायत में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण न किये जाने के सम्बन्ध में तथा ₹असंतुष्ट सन्दर्भों के सापेक्ष में किससे सम्पर्क किया गया और संतुष्टी के लिए क्या किया गया है और भविष्य में कोई भी प्रकरण/शिकायत असंतुष्ट न हो इसके लिए क्या प्रयास किया जा रहा है।₹ इस सम्बन्ध में अपना स्पष्टीकरण 03 दिवस में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

# थाना मेंहदावल पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**वेलकम इंडिया**

**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी मेंहदावल सर्व दवन सिंह के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना मेंहदावल सतीश कुमार सिंह के नेतृत्व मे उ0नि0 ददन राय, का0 अभिनन्दन गौड़, का0 गोविन्द यादव ने मु0अ0सं0 251/2025 धारा 109, 191(2),191(3),115(2),352,351(3) बीएनएस मे वांछित अभियुक्त अनिल यादव पुत्र रामदरश यादव निवासी सोनबरसा थाना मेंहदावल को बुद्धवार को ब्लाक मेंहदावल सोनबरसा मोड़ के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। विदित हो कि वादिनी द्वारा दिनांक 20.06.2025 को विपक्षी उपरोक्त द्वारा वादिनी के पुत्र की गला दबाकर हत्या करने के प्रयास व मारपीट के संबंध में थाना मेंहदावल पर अभियोग पंजीकृत कराया गया था । प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए थाना मेंहदावल पुलिस द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए उक्त पूर्व में दिनांक 09.07.2024 को अभियुक्त अजय यादव पुत्र हरिराम यादव निवासी मुडली थाना मेंहदावल जनपद संतकबीनगर को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय भेजा गया था, गिरफ्तारी के क्रम में आज दिनांक 06.08.2025 को अभियुक्त उपरोक्त अनिल यादव पुत्र रामदरश यादव को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया ।

# नमस्ते स्कीम की जिलाधिकारी ने ली समीक्षा बैठक

**वेलकम इंडिया**



**बागेश्वर**, जिलाधिकारी आशीष भटगाई ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में नेशनल एक्शन फॉर मैकेनाइज्ड सेनिटेशन इकोसिस्टम (नमस्ते) स्कीम की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने बताया कि केंद्र सरकार ने शहरी स्वच्छता और सफाई कर्मचारियों के कल्याण के लिए महत्वाकांक्षी योजना राष्ट्रीय यंत्रीकृत स्वच्छता पारिस्थितिकी तंत्र (नमस्ते) बनायी गयी है। इस योजना का उद्देश्य मैनुअल स्कैवेंजिंग (हाथ से मैला उठाने की प्रथा) को समाप्त करना तथा सफाई कर्मियों को सुरक्षा उपकरण, प्रशिक्षण और सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना है। जिलाधिकारी ने नगर निकायों के अधिकारियों को अभियान चलाकर लोगों को योजना की जानकारी देने के साथ ही सफाई कार्य में लगे कार्मिकों को चिन्हित करते हुए पंजीकरण कराने के निर्देश दिए। साथ ही समाज कल्याण अधिकारी को सभी संबंधित विभागों के साथ नमस्ते स्कीम की गाइड लाइन साझा करने के निर्देश दिए।इस दौरान समाज कल्याण अधिकारी जसमीत कौर, एसीएमओ अनुपमा ह्यांकि, सेवा योजन अधिकारी पी सी गोस्वामी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# एक दिवसीय गोष्ठी का आयोजन किया गया



**वेलकम इंडिया**

बुलंदशहर दिनांक 04 अगस्त, 2025 से 08 अगस्त, 2025 तक प्रदेश में पर ब्लाक यन कॉप' का सप्ताह कार्यक्रम के अन्तर्गत बुधवार को कृषि विज्ञान केन्द्र, निकट तहसील बुलन्दशहर पर एक दिवसीय गोष्ठी का आयोजन किया किया गया। जिसमें जनपद में संचालित एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना, ₹पर ड्रॉप मोर क्रॉप (माइक्रोड्रीगेशन) योजना एवं एस०सी०पी० योजना की विस्तृत जानकारी आगंतुक कृषकों को उद्यान विभाग बुलन्दशहर के अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा उपलब्ध कराते हुए योजनाओं के वृहद प्रचार-प्रसार हेतु पम्पलेट्स आदि भी वितरित किये गये, साथ ही कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ रिशू सिंह एवं डॉ लक्ष्मीकान्त सारस्वत द्वारा उन्नत खेती विषय पर कृषकों को तकनीकी जानकारी उपलब्ध करायी गयी। उपरोक्त गोष्ठी में दिनेश कुमार अरूण जिला उद्यान अधिकारी बुलन्दशहर, शंकर लाल उद्यान निरीक्षक के साथ कृषि विज्ञान केन्द्र बुलन्दशहर के वैज्ञानिक डॉ रिशू सिंह एवं डॉ लक्ष्मीकान्त सारस्वत उपस्थित रहे।

# मिस्टर एंड मिस इंडिया स्टार 2025 के विजेताओं को डॉ० संदीप ने किया पुरस्कृत



**वेलकम इंडिया**

**झाँसी।** फेम एंटरटेनमेंट और शताक्षी सलून के संयुक्त तत्वाधान में मिस्टर एंड मिस इंडिया स्टार 2025 के साथ किड्स फैशन शो और डांसिंग व सिंगिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह आयोजन जनपद के इलाइट चौराहे समीप स्थित सनराइज होटल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संघर्ष सेवा समिति के संस्थापक डॉक्टर संदीप सरावगी, सेलिब्रिटी अताथि के रूप में फिल्म अभिनेता मोहम्मद अली व विशिष्ट अतिथि के रूप में अंतर्राष्ट्रीय मॉडल हाशिम खुशीर्दी उपस्थित रहे। अतिथियों के आगमन पर आयोजक सलमान खान और व्यवस्थापक सम्राट ने तिलक व माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया गया। कार्यक्रम में प्रतिभागियों द्वारा अपनी-अपनी प्रस्तुति आकर्षक रूप से दी गई, प्रतिभागियों में मिस्टर इंडिया स्टार 2025 का पुरस्कार शुभ खरे और मिस इंडिया स्टार 2025 का पुरस्कार राधिका अग्रवाल को मिला, वहीं फर्स्ट रनर अप के रूप में अनस और वाणी शाक्य तथा सेकंड रनर अप के रूप में शिवांश साहू और रितु वर्मा ने अपना स्थान बनाया।

# पूर्व केबिनेट मन्त्री स्वामी प्रसाद मौर्य कोबयुवक ने मारा थप्पड़

**विजय द्विवेदी वेलकम इन्डिया**



प्रतापगढ़ । पूर्व केबिनेट मन्त्री और राष्ट्रीय सोषित समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी प्रसाद मौर्य के एक कार्यक्रम मे रायबरेली पहुचने पर एक युवक ने स्वागत और माला पहनाए जाने के दौरान थप्पड़ मार दिया। पुर्व निर्धारित कार्यक्रम के दौरान यूपी केबिनेट के पूर्व मन्त्री स्वामी प्रसाद मौर्य रायबरेली जनपद पहुचे थे । जहा मौजूद लोगो उनकी कार पहुचने पर उनका स्वागत किया और फूल माला पहनाने लगे इसी दौरान एक युवक ने उनको थप्पण मार दिया । जिसे पूर्व मन्त्री के साथ मौजूद उनके समर्थको ने पकड लिया और जमकर पिटाई की । जिसे बड़ी मुश्किल से पुलिस ने बचाकर अपने वाहन मे डाल दिया । वाहन मे मौजूद युवक से जब मीडिया ने सवाल किया कि उसने ?सा क्यो किया तो युवक ने कहा कि स्वामी प्रसाद मौर्य ब्राह्मणों और सनातन पर अपमान जनक टिप्पणी करते है। जिससे नाराज हो उसने उनपर हमला किया है । युवक ने अपने बारे मे बताया कि उसका नाम रोहित द्विवेदी है और वो करणी सेना का समर्थक है । पूर्व मन्त्री पर हमले की निन्दा तो दूसरी तरफ इनाम की घोषणा- - पूर्व मन्त्री स्वामी प्रसाद मौर्य पर हुए हमले पर शकराचार्य परिषद के अध्यक्ष स्वामी आनन्द स्वरूप ने रोहित द्विवेदी को 51000 रुपये का इनाम देने की घोषणा की है। तो वही भीम आर्मी चीफ चंद्रशेखर आजाद ने हमले की निंदा की है। मौर्य ने योगी सरकार पर गुंडों को बढ़ावा देने का आरोप लगाया है और करणी सेना पर हमले का आरोप लगाया है। राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के अध्यक्ष स्वामी प्रसाद मौर्य की स्वागत सभा के दौरान रायबरेली में दो अज्ञात युवकों ने हंगामा और मारपीट की वारदात पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# आरपीएफ के नेतृत्व में संगोष्ठी व जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया

**वेलकम इंडिया**



**झांसी।** आरपीएफ मित्र योजना समिति एवं आरपीएफ स्टाफ द्वारा रानी लक्ष्मी बाई रेलवे स्टेशन, झांसी पर कृष्णानंद तिवारी सहायक सुरक्षा आयुक्त, आरपीएफ के नेतृत्व में संगोष्ठी एवं जागरूकता अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें रेलवे स्टेशन पर उपस्थित यात्रियों से अपील की गई कि वह सतर्क रहें तथा अपने सामान की स्वयं सुरक्षा करें, किसी भी अनजान व्यक्ति से खाने पीने की कोई वस्तु न लें उसमें जहर हो सकता है। यदि कोई लावारिस वस्तु दिखाई दे तो तत्काल आरपीएब/जीआरपीएफ को सूचित करें। स्टेशन परिसर में तथा ट्रेन के अंदर गंदगी ना फैलाएं न फैलाने दें।

जागरुकता अभियान कार्यक्रम में स्टेशन प्रबंधक एस के सिंह, उप स्टेशन प्रबंधक- पी के अग्रवाल, विपुल सक्सेना, देवेश शाक्या,, उप निरीक्षक उमा यादव, आरपीएफ मित्र पं. सियाराम शरण चतुर्वेदी, आनन्द कुमार सक्सेना, इंद्रपाल सिंह खनूजा, अतुल अग्रवाल किलपन, संदीप साहू, दीप चन्द्र, अशोक कुमार बिलगैया, संतोष कुमार गौड, साकिर खान मंसूरी, शोभाराम राय, आरपीएफ स्टाफ संजय सक्सेना रवि शंकर सिंह, आदि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन सियाराम शरण चतुर्वेदी ने किया, आनन्द कुमार सक्सेना ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# शीशम की लकड़ी काटने वाले चोरों से वसूला जुमार्ना

**वेलकम इंडिया**



रामघाट/बुलंदशहर/रामघाट थाना क्षेत्र के गांव पेसरी के जंगल में बंबा के सहारे से वन विभाग की शीशम का पेड़ 3 जुलाई को चोरी से काटे जाने की सूचना पर वन विभाग के कर्मचारियों द्वारा दोनों लकड़ी चोरों को गिरफ्तार कर लकड़ी बरामद कर 20000 का जुमार्ना वसूल कर छोड़ दिया। वन क्षेत्र अधिकारी मोहित चौधरी ने बताया है कि 3 जुलाई को थाना रामघाट क्षेत्र के पेसरी बंबा के पास शीशम का पेड़ चोरी होने की सूचना मिली थी सूचना के आधार पर वन दरोगा केडी शर्मा द्वारा 5 जुलाई की शाम को ग्राम नगला धारकपुर के पास से रोहित पुत्र वेद प्रकाश नगला विधि सत्य प्रकाश पुत्र लालाराम निवासी नगला धारकपुर को चोरी की शीशम के साथ रामघाट थाना पुलिस को सौंप दिया।विभाग द्वारा शीशम काटने का जुमार्ना ?20000 वसूलकर रामघाट थाना पुलिस से दोनों को छोड़ने के आदेश दिए। वन विभाग द्वारा शीशम चोरों के खिलाफ चोरी की रिपोर्ट दर्ज न कराकर थाने से छुड़वाना क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है चोरी की रिपोर्ट दर्ज न करने पर वन क्षेत्राधिकारी मोहित चौधरी ने बताया है कि विभाग द्वारा जुमार्ना वसूला गया है आगे कार्रवाई की जाएगी ।

# जिलाधिकारी ने आपदा से क्षतिग्रस्त हुए मार्ग का किया निरीक्षण

**वेलकम इंडिया**



**बागेश्वर,** गोविन्द मेहता, जिलाधिकारी आशीष भटगाई ने बुधवार को विकास भवन के नजदीक नुमाइश खेत जाने वाली सड़क पर नदी से हो रहे भू कटाव की जानकारी मिलने पर उसका जायजा लिया।और सड़क के नीचे सरयू नदी में हो रहे भूकटाव को रोकने के लिए अधिकारियों को जल्द उचित बचाव कार्य शुरू करने के निर्देश दिए।जिसके बाद डीएम भटगाई ने बाल विकास विभाग कार्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यालय में रखे स्टॉक रजिस्टर, पुष्टाहार की उपलब्धता, वितरण प्रणाली एवं खाद्य सामग्री की गुणवत्ता की समीक्षा की। उन्होंने डीपीओ को सभी स्टॉक रजिस्टर मेंटेन रखने के साथ सभी फाइल, रजिस्टरों की सूची आलमारी पर चस्पा करने, लंबे समय से पड़े समान व अन्य चीजों के निस्तारण को लेकर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। वहीं जिलाधिकारी ने कार्यालय में अव्यवस्थाओं को लेकर नाराजगी जताते हुए कार्यालय को सुव्यवस्थित करने के भी निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि आंगनबाड़ी केन्द्रों में समय पर पुष्टाहार वितरण किया जाए और उसकी गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए ताकि बच्चों और गर्भवती महिलाओं को पोषण से वंचित न रहना पड़े। उन्होंने कर्मचारियों से संवाद करते हुए उनकी समस्याएं और कार्य संबंधी जानकारियां प्राप्त कीं। इस दौरान कार्यक्रम अधिकारी बाल विकास मंजू लता ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि कार्यालय स्थानांतरित की कार्यवाही प्रगति पर है।

# मुठभेड़ में मुरादाबाद का सचिन घायल, कासगंज का योगेश गिरफ्तार

**वेलकम इंडिया**



**बुलंदशहर।** बदमाशों की धर पकड़ के लिए पुलिस के चलाए ऑपरेशन में बीती रात्रि सिकंदराबाद में दुकानों के शटर तोड़कर चोरी करने वाले गिरोह का सदस्य सचिन मुरादाबादी पैर में गोली लगने से घायल हो गया जब कि फरार हुए उसके साथी योगेश को पुलिस ने घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया। सिकंदराबाद के कार्यवाहक सीओ०प्रखर पांडेय ने बताया कि घायल बदमाश सिकंद्राबाद की 6 वारदातों में वांछित चल रहा था। सिकंद्राबाद के कार्यवाहक सीओ०प्रखर पांडेय ने बताया कि बीती रात सिकंद्राबाद पुलिस टीम की चैकिंग के दौरान फरार हुए बाइक सवार बदमाशो से मुठभेड़ हो गई। पुलिस को देख बदमाशों ने गोली चला दी। जवाबी कार्रवाई के दौरान एक गोली एक बदमाश के पैर में लगी और वो घायल हो गया। घायल अवस्था में गिरफ्तार बदमाश की पहचान सचिन पुत्र पप्पू निवासी ग्राम झगड़ा थाना बिलारी जनपद मुरादाबाद के रूप में हुई है। जब कि इसके साथी योगेश पुत्र दयाराम निवासी ग्राम ढूडरा थाना सिढपुरा जनपद कासगंज को भी गिरफ्तार कर लिया गया। घायल बदमाश को उपचार हेतु जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बदमाशों के कब्जे से अवैध असलहा, कारतूस, बाइक व चोरी की बैटरी व 2500 रुपए की नकदी बरामद की गई है। सीओ० प्रखर पांडेय ने बताया कि शटर काटकर चोरी करने वाले अंतर्जनपदीय गिरोह के 4 सदस्यों को मंगलवार को गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

# जिलाधिकारी ने तहसील मांट के नौहझील क्षेत्र का किया निरीक्षण

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने तहसील मांट के नौहझील क्षेत्र का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने नौहझील क्षेत्र के अड्डा फिरोजपुर, छिनपारई बंगार आदि ग्रामों का जलभराव के दृष्टिगत जायजा लिया। जिलाधिकारी ने अवगत कराया कि यमुना जी का जल स्तर अब धीमे धीमे कम हो रहा है।

जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह ने उप जिलाधिकारी मांट रितु सिरोही को निर्देश दिए कि ससमय सभी जलभराव से प्रभावित लोगों के मकानों एवं खेतों का सर्वे करते हुए मुआवजे की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उक्त कार्य में ग्राम प्रधान, सचिव, लेखपाल, कानूनगो तथा कृषि के कर्मचारियों को लगाते हुए गुणवत्ता से सर्वे कराए। उन्होंने सख्त निर्देश दिए कि सर्वे के कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि सर्वे के उक्त कार्य में किसी प्रकार की शिकायतें प्राप्त होती है तो संबंधित के विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

जिलाधिकारी ने मांट के नौहझील क्षेत्र में स्थापित विभिन्न बाढ़ चौकियों का अवलोकन किया।

उन्होंने कहा कि बाढ़ से बचाव एवं राहत कार्य हेतु निरंतर सतर्क रहे। यदि बाढ़ की स्थिति उत्पन्न होती है तो तत्काल राहत कार्य सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने उपस्थित ग्रामवासियों से वार्ता की, उनकी समस्याओं को जाना तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण में उप जिलाधिकारी मांट रितु सिरोही, तहसीलदार मांट सहित विभिन्न ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## जेपी संस्कृत विद्यालय में संस्कृत सप्ताह का शुभारंभ

**अनूपशहर।** जेपी संस्कृत विद्यालय में संस्कृत सप्ताह का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में संस्कृत भाषा के प्रचार-प्रसार और उसके महत्व को प्रतिपादित किए जायेगा। विद्यालय के प्रधानाचार्य अतुल भारद्वाज ने बताया कि श्रावण माह की पूर्णिमा को विश्व संस्कृत दिवस मनाया जायेगा। विद्यालय में 6 दिवसीय संस्कृत सप्ताह का शुभारंभ मां सरस्वती जी के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीपीबीएस कॉलेज के संस्कृत विभागाध्यक्ष डॉ. लक्ष्मण सिंह ने विद्यार्थियों से बुद्धि का प्रयोग किस प्रकार करना है व संस्कृत भाषा के द्वारा समाज में विशेष रूप से कार्य करना, राष्ट्र का उत्थान में संस्कृत का महत्व के बारे में प्रकाश डाला। प्रधानाचार्य ने बताया कि संस्कृत भाषा का पुनरुत्थान, सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण, व्याख्यान और संगोष्ठी आदि कार्यक्रमों का आयोजन करना संस्कृत सप्ताह का उद्देश्य बताया। इस मौके पर आचार्य संदीप मिश्र, तारन तरन दीक्षित, अमित शर्मा, माधव शर्मा, यश श्रोती व विद्यालय के बटुक मौजूद रहे।

# वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण का समापन हुआ समारोह



**वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा**

**हापुड़।** जनपद में बेसिक शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश के अन्तर्गत संचालित वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई 24 दिवसीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण का समापन समारोह उच्च प्राथमिक विधालय जमालपुर, जखेड़ा व सलोनी ब्लॉक सिंभावली जनपद हापुड़ में बहुत जोश और उत्साह के साथ किया गया। समस्त छात्राओं को जिला व्यायाम शिक्षक व प्रशिक्षिक मनप्रीत खैरा के द्वारा प्रमाण पत्र वितरित करके कार्यक्रम समाप्त किया गया। मनप्रीत खैरा ने कहा कि वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा योजना के तहत प्रशिक्षण दिया गया।

इस कार्यक्रम में छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाए गए, जिससे वे मानसिक और शारीरिक रूप से सशक्त बन सकें। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें अपनी सुरक्षा के लिए तैयार करना है। शासन की ओर से बेटियों को यह प्रशिक्षण आत्म सुरक्षा के दृष्टि से दिलाया जा रहा है, ताकि बेटियां सशक्त बन सकें। इस प्रशिक्षण से बालिकाओं के भीतर आत्म बल का विकास होगा।

प्रशिक्षण में मार्शल आर्ट प्रशिक्षु बेटियों को जूडो कराटे ताइक्वांडो में पारंगत किया गया, ताकि विपरीत परिस्थितियों में आने पर वह स्वयं मुकाबला कर सकें। बालिकाओं को जरूरी हेल्पलाइन नंबर भी नोट कराए गए। विद्यालय की साहसी बेटियां आत्मरक्षा के गुर सीखकर सशक्त और निर्भीक बन रही हैं बेटियां। बेटियों को तितली नहीं, मधुमक्खी बनाइए, जिनके पास पंख भी हों और डंक भी। शहद जैसी मिठास से भरपूर, किन्तु जरूरत पड़ने पर मुंह सुजा देने की क्षमता रखने वाली बेटियां न केवल खुद की बल्कि समाज की भी रक्षा करने में सक्षम हैं। खेलकूद के विषय के बारे में भी बालिकाओं को जागरूकत किया कि जीवन में धैर्य और अनुशासन से ही व्यक्ति सफल हो पाता है और खेलों में भी धैर्य और अनुशासन ही जीत की पूंजी है। एक अच्छा खिलाड़ी खेल में आई हुई कठिनाईयों से उभरकर जीत का वरण करता है और ऐसे ही जीवन में खेलों जैसी जीवटता रखने वाला व्यक्ति कभी हारता नहीं। खेल के अभ्यास से मनुष्य का चारित्रिक और आध्यात्मिक विकास भी होता है। कार्यक्रम में इंचार्ज प्रधानाध्यापक नरेश झा, उमैद अली, आरती चौधरी, रीना सिरोही, शिक्षिका दीपा, सरिता, शिक्षामित्र कुलदीप आदि लोग उपस्थित रहे।

# 15 अगस्त एवं श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व को लेकर जिलाधिकारी ने ली समीक्षा बैठक

**वेलकम इंडिया**

**मथुरा।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में मथुरा के व्यापारीगणों के साथ 15 अगस्त एवं श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व को भव्य और हर घर तथा प्रतिष्ठानों में तिरंगा लगाए जाने के संबंध में समीक्षा बैठक ली।

जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने मौजूद सभी व्यापारियों से कहा कि 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस एवं 16 अगस्त को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व के अवसर पर मथुरा, वृन्दावन शहर के साथ साथ नगर पंचायत तथा नगर पालिका को तिरंगा कपड़ा या लाइट से सजाया जाए। इसी प्रकार सभी पेट्रोल पंप, होटल, रेस्टोरेंट, दूकानों तथा प्रतिष्ठानों को प्राथमिकता के आधार पर सजाया जाए।

श्री कृष्ण जन्माष्टमी को भी दीपावली पर्व की तरह सजाया जाए। हर घर में और प्रत्येक उद्योग केंद्र एवं प्रतिष्ठानों में तिरंगा लगाया जाए। हर घर तिरंगा लगाते हुए राष्ट्रीय पर्व को सम्मान एवं हर्षोल्लास से मनाया जाए।



## एस.जी.एम. स्कूल, जयसिंहपुरा में 7 अगस्त को नि:शुल्क नेत्र जांच एवं परामर्श शिविर

**मथुरा।** अंधता निवारण के क्षेत्र में समर्पित सामाजिक संस्था कल्याणं करोति नेत्र संस्थान, जचौदा, गोवर्धन रोड, मथुरा द्वारा एक दिवसीय निःशुल्क नेत्र जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन दिनांक 07 अगस्त 2025, दिन गुरुवार को किया जा रहा है। यह शिविर प्रातः 9:00 बजे से अपराह्न 3:00 बजे तक, एस.जी.एम. स्कूल, पुष्पबिहार कॉलोनी, जयसिंहपुरा, मथुरा में आयोजित किया जाएगा। शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के नेत्र रोगियों को गुणवत्तापूर्ण नेत्र सेवाएं सुलभ कराना है। शिविर में वातानुकूलित, अत्याधुनिक नेत्र सचल चिकित्सा वाहन के माध्यम से अनुभवी नेत्र विशेषज्ञों की टीम द्वारा नेत्र परीक्षण एवं परामर्श प्रदान किया जाएगा। इस दौरान मोतियाबिंद, नाखूना, परवल, कालापानी आदि नेत्र रोगों की जाँच की जाएगी। आवश्यकता पड़ने पर निःशुल्क चश्मे, दवाइयाँ तथा मोतियाबिंद ऑपरेशन की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। जाँच के बाद ऑपरेशन की आवश्यकता वाले रोगियों को कल्याणं करोति नेत्र संस्थान, गोवर्धन रोड, मथुरा में भर्ती कर उपचार प्रदान किया जाएगा।

**नोटः ऑपरेशन हेतु पंजीकरण के लिए रोगी अपना पहचान पत्र (फोटोकॉपी सहित) एवं मोबाइल नंबर साथ लाना अनिवार्य है।**

**आयुष्मान कार्डधारी रोगी भी शिविर का लाभ ले सकते हैं।**

# पुलिस द्वारा जिले के शिक्षण संस्थानों में साइबर जागरूकता के लिए विधार्थियो को किया जागरूक

**वेलकम इंडिया**

**धौलपुर।** पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन में जिले में सभी थानों की पुलिस टीमों द्वारा शिक्षण संस्थानों में पहुँच कर छात्र छात्राओं को साइबर क्राइम के प्रति जागरूक किया गया। साइबर ठगी से बचने के लिए कई बिंदुओं की विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान पुलिस की टीमों ने विधार्थियो को बताया कि इंटरनेट के उपयोग की सही जानकारी होने पर साइबर अपराध से बचा जा सकता है।



ऑनलाइन खातों के लिए मजबूत पासवर्ड बनाए, इसके अलावा सोशल मीडिया प्लेटफार्म जैसे व्हाट्सअप, ट्विटर(एक्स), फेसबुक व इंस्टाग्राम पर अपनी व्यक्तिगत जानकारी सार्वजनिक न करें। क्योंकि कोई भी व्यक्ति आसानी से आपकी जानकारी का इस्तेमाल कर दुरूपयोग कर सकता है। फर्जी लॉटरी लगने का कॉल करने वालों को कभी अपनी बैंक की डिटेल शेयर न करें। डिजिटल अरेस्ट से बचाव के लिए बताया गया कि किसी भी अनजान कॉल, मैसेज पर प्रतिक्रिया न दें। टावर लगाने के नाम पर भी लोगों से ठगी की जाती है। इससे बचने हेतु किसी अज्ञात बैंक खाता में पैसा जमा न करें। छात्र, छात्राओं को विस्तारपूर्वक व्हाट्सअप, एक्स, फेसबुक व इंस्टाग्राम आदि को सुरक्षित रखने हेतु बताया गया। अन्त में सभी छात्र-छात्राओं व स्कूल के स्टाफ से अपेक्षा की कि वर्कशॉप में दी गई जानकारी को अपने परिवार, आस-पड़ोस में अधिक से अधिक लोगों को बतायें जिससे की कोई भी व्यक्ति जानकारी के अभाव में साइबर अपराधियों का शिकार न हो। इस दौरान जिले के विभिन्न स्कूलों व कालेज में पुलिस की टीमों ने बताया क कि सायबर सुरक्षा के सतर्कता ही अहम उपाय है इसके साथ ही ये भी बताया गया कि सायबर सुरक्षा के लिए क्या करना चाहिए और क्या नहीं करना चाहिए।

## वित्तीय समावेशन संतृप्ति अभियान के तहत शिविर का हुआ आयोजन



**वेलकम इंडिया**

**धौलपुर।** वित्तीय समावेषन एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के सषक्त क्रियान्वयन के लिए विषेष अभियान संचालित किया जा रहा है। इसके अन्तर्गत ग्राम पंचायत हिनौता में पंजाब नेषनल बैंक शाखा मनियां में अग्रणी बैंक प्रबन्धक एवं उप निदेषक आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग राजेष कुमार द्वारा वित्तीय समावेषन एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के तहत आयोजित होने वाले षिविर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान षिविर में उपस्थित ग्रामीणों को अवगत करवाया कि बैंक के वित्तीय समावेषन एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं हेतु त्रैमासिक देषव्यापी सतत अभियान 1 जुलाई से 30 सितम्बर तक संचालित किया जा रहा है, जिसका उद्देष्य पंचायत स्तर तक बैंकिग, बीमा और पेंषन जैसी आवष्यक वित्तीय सेवाओं की पहुॅच सुनिष्चित करना और पात्र नागिरिकों को इन योजनाओं से जोड़ना है।

अभियान में प्रधानमंत्री जनधन योजना के अन्तर्गत वर्तमान निष्क्रिय बैंक खातों का पुनः सत्यापन, नये बैंक खाते खोलना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और अटल पेंषन योजना में नामंकन को प्रोत्साहन देना सुनिष्चित किया जाएं।

## किसान कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष बच्चूसिंह तरकर की माता के निधन पर व्यक्त किया शोक



**मथुरा।** किसान कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष ठाकुर बच्चू सिंह तरकर मुखिया की माता जी का 27 जुलाई को आकस्मिक निधन हो गया। जिला किसान कांग्रेस कमेटी मथुरा के जिला अध्यक्ष ठाकुर नरेश पाल सिंह जसावत के द्वारा जिसकी सूचना उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष माननीय अजय राय जी पूर्व मंत्री को दी गई। इस दुखद घटना पर माननीय अजय राय जी के द्वारा गहरा शोक व्यक्त किया गया तथा मृत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। तथा परिजनों के लिए अपनी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए शोक पत्र जिला किसान कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष ठाकुर नरेश पाल सिंह के माध्यम से पूर्व जिला अध्यक्ष बच्चू सिंह तरकर को भिजवाया। जिला अध्यक्ष किसान कांग्रेस ने अपने कार्यकारिणी व वरिष्ठ कांग्रेसियों के साथ पूर्व जिला अध्यक्ष किसान कांग्रेस मथुरा बच्चू सिंह तरकर के निवास पर जाकर अपनी संवेदनाएं व्यक्त की तथा प्राप्त शोक संदेश को ठाकुर बच्चू सिंह तरकर को सौंपा।

## अलग-अलग लाइनों पर तीन-तीन घंटे बिजली रहेगी बाधित

**शिकारपुर।** उपभोक्ताओं को बिजली बाधित होने की सूचना दी गई है। एक्शन मनीष मथुरीया ने बताया है कि आठ अगस्त को 33/11 के.वी. विद्युत केंद्र शिवाली पर एक नं. 5 एम.बी.ए. परिवर्तन की प्रोटेक्शन तथा बी.सी.बी. मरम्मत हेतु विद्युत आपूर्ति दोपहर 12:00 बजे से दोपहर 15:00 तक तथा दो नं. पांच एम.बी.ए. परिवर्तन की प्रोडक्शन तथा बी.सी.बी. मरम्मत हेतु विद्युत आपूर्ति दोपहर 15:00 से शाम 18:00 बजे तक बाधित रहेगी। उपभोक्ताओं को इस दौरान होने वाली असुविधा के लिए खेद व्यक्त किया गया है।

# पार्थिव शिवलिंग का निर्माण किया गया एवं मंगल आरती की गई

**वेलकम इंडिया**

**झांसी।** हरिश्चंद्र अग्रवाल के घर पर पार्थिव शिवलिंग निर्माण ध्वनि, ढोल-ताशों के बीच हुई मंगल आरती हर-हर महादेव, हर-हर बम-बम की गूंज रही कॉलोनी

झांसी की ओम शांति नगर स्थित बालाजी ज्वैलर्स के संचालक हरिश्चंद्र अग्रवाल के घर पर ओम नमः शिवाय के जाप के बाद पार्थिव शिवलिंग का निर्माण किया गया। घर के मंदिर को शिवालय बना दिया ह्यहर-हर महादेव, हर-हर बम-बम की गूंज रही। सुबह-सवेरे भोलेनाथ का दूध, घी, पंचामृत, गंगाजल से अभिषेक-रुद्राभिषेक हुआ। फिर ढोल-ताशे, तालियों की गड़गड़ाहट, शंख ध्वनि के बीच श्रृंगार मंगल आरती हुई। भक्तों ने शिवजी को फूल, फूल, धतूरा, वेल्वपत्र अर्पित कर सुख-समृद्धि की कामना की। बुधवार दिन में भजन-कीर्तन,



ओम नमः शिवाय के जाप के बाद पार्थिव शिवलिंग का निर्माण किया गया। भक्ति भगवान भोलेनाथ की भक्ति में लीन हो जाते नजर आए। घर पर महाकालेश्वर भगवान की भव्य भक्ति मूर्ति निर्माण कर के मंदिर में तड़के आचार्यों ने मंत्रोच्चारण किए। भगवान का घी, पंचामृत, गंगाजल से अभिषेक किया। इसके बाद श्रृंगार हुआ। फिर ह्यजय शिव ओमकारा आरती हुई। भक्तों ने तालियों की गड़गड़ाहट, ढोल-ताशे, शंखध्वनि के बीच ह्यओम नमः शिवाय का अखंड जाप किया। इसके बाद मंदिरों में भक्तों की कतारें लग गई। कहीं दिन में महिलाओं ने भजन-कीर्तन किए। घरों में भक्तों ने उपवास रखा। शाम को भोजन ग्रहण किया। हरिश्चंद्र अग्रवाल ने बताया कि श्रवण मास में शिवजी की भक्ति से मनचाही मुराद पूरी होती है। ओम नमः शिवाय के जाप से कष्ट दूर होते हैं। रोगों से मुक्ति मिलती है। घर में सुख-शांति आती है।

महादेव की भक्ति में लीन रहे भक्तों ने अधिक संख्या में पहुंचकर भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया और आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर हरिश्चंद्र अग्रवाल , परराम नारायण अग्रवाल ,राहुल अग्रवाल, रुचि अग्रवाल, वैशाली अग्रवाल, सोनल अग्रवाल, दिव्यांशी अग्रवाल, अरिमा अग्रवाल ,जुगल अग्रवाल ,सूरत अग्रवाल इत्यादि उपस्थित रहे।

# समस्त ब्रजवासियों के प्राणाधार हैं गिरिराज गोवर्धन : भागवताचार्य शैलेन्द्र कृष्ण महाराज

**वेलकम इंडिया डॉ. गोपाल चतुर्वेदी**

**वृन्दावन।** ग्राम धौरैरा/राधा मोहन नगर स्थित मां धाम आश्रम में श्रावण मास झूलन महोत्सव के उपलक्ष्य में चल रहे सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के अंतर्गत प्रख्यात भागवताचार्य धर्म पथिक शैलेन्द्र कृष्ण महाराज ने व्यासपीठ से देश के विभिन्न प्रांतों से आए सभी भक्तों-श्रद्धालुओं को भगवान श्रीकृष्ण के नाम करण, यमलार्जुन उद्धार, माखन चोरी, बकासुर-अघासुर वध, कालिया मर्दन, इंद्र मान मर्दन और गिरिराज गोवर्धन महिमा की कथा श्रवण कराई।

श्रद्धेय धर्म पथिक शैलेन्द्र कृष्ण महाराज ने कहा कि गिरिराज गोवर्धन का प्रादुर्भाव भगवान श्रीकृष्ण के वक्षस्थल से हुआ है। द्वापर युग में देवराज इंद्र का मान मर्दन करने के लिए भगवान श्रीकृष्ण ने सप्त कोसी गिरिराज गोवर्धन को अपने नख पर धारण किया था, तभी से उनका एक नाम गिरधारी पढ़ गया। उन्होंने कहा कि ब्रजभूमि में सात कोस में विद्यमान गिरिराज गोवर्धन समस्त ब्रजवासियों के प्राणाधार हैं।वे साक्षात भगवान श्रीकृष्ण का ही स्वरूप हैं,जो ब्रज की रक्षा के लिए यहां विराजे हुए हैं।जो भी भक्त गिरिराज गोवर्धन की सच्ची आराधना व परिक्रमा करते हैं, गिरिराज गोवर्धन उनकी सभी मनोकामना निश्चित ही पूर्ण करते हैं।

इस अवसर पर गिरिराज गोवर्धन महाराज की अत्यंत नयनाभिराम व चित्ताकर्षक झांकी सजाई गई।साथ ही 56 प्रकार के भोग लगाए गए।इसके अलावा गोवर्धन महिमा से ओतप्रोत भजनों का संगीत की मृदुल स्वर लहरियों के मध्य गायन किया गया।जिन पर समस्त भक्तों-श्रद्धालुओं ने जमकर नृत्य किया।तत्पश्चात सभी भक्तों-श्रद्धालुओं ने गोवर्धन जा कर धर्म पथिक शैलेंद्र कृष्ण महाराज के नेतृत्व में गाजे-बाजे के साथ गिरिराज गोवर्धन की परिक्रमा कर पुण्य लाभ अर्जित किया। इस अवसर पर श्यामपाल बाबूजी, महोत्सव के मुख्य यजमान सीताराम चौरसिया (मध्यप्रदेश), श्रीमती गीता चौरसिया, पंकज, डॉ. राधाकांत शर्मा, मोहन बाबा, चंद्रमोहन मास्टर साहब, सुमन दीदी, श्वेता, स्वाति, आकाश, साक्षी, मुन्ना भैया, पप्पू भैया आदि के अलावा विभिन्न क्षेत्रों के तमाम गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।





# पालिका अधिकारियों एवं व्यापारियों के बीच बैठक, कई मुद्दों पर हुई चर्चा




**वेलकम इंडिया**

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** व्यापारी संगठनों के साथ नगर पालिका परिषद के अधिकारियों ने एक बैठक की।जिसमें कई बिंदुओं पर खुलकर चर्चा हुई व व्यापारियों से सुझाव मांगे गए। स्वच्छता में द्वितीय स्थान मिलने पर बधाई, प्रथम स्थान के लिए साझा रणनीति पर सहमति बनी।

नगर पालिका के सभागार में आयोजित विशेष बैठक में नगर के सभी प्रमुख व्यापार मंडलों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता नगर पालिका परिषद अध्यक्ष विनोद वैशाली ने की।

इस अवसर पर नगर को स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 में उत्तर प्रदेश राज्य रैंकिंग में 48 वें स्थान से उठकर द्वितीय स्थान पर पहुंचने पर सभी व्यापार मंडलों को बधाई दी गई। यह महत्वपूर्ण उपलब्धि नागरिकों, व्यापारियों, सफाईकर्मियों और नगर पालिका की संयुक्त मेहनत का परिणाम है। बैठक के मुख्य बिंदु और निर्णयः अतिक्रमण मुक्त मोदीनगर के लिए व्यापार मंडलों ने सविनय सहमति प्रदान की। पॉलिथीन पर पूर्ण प्रतिबंध को सफलतापूर्वक लागू करने के लिए व्यापारियों ने नगर पालिका को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। स्वच्छता, यातायात व्यवस्था, नागरिक सुविधाएं, कचरा प्रबंधन जैसे अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर भी विस्तृत चर्चा हुई। राज्य रैंकिंग में प्रथम स्थान प्राप्त करने के लिए व्यापार मंडलों और नगर पालिका ने मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया। नगर पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली ने अपने संबोधन में कहा कि मोदीनगर को स्वच्छ, सुंदर और विकसित शहर बनाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। व्यापारिक संगठनों का सहयोग सराहनीय है और नगर पालिका नागरिक हित में निरंतर कार्य करती रहेगी। हमारा अगला लक्ष्य उत्तर प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त करना है, और इसके लिए हम सब मिलकर काम करेंगे।

## बाइक चोरी की झूठी सूचना देकर थाने से हुआ रफू चक्कर

**कांधला।** कस्बे के मौहल्ला खेल निवासी एक व्यक्ति ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि चोरों ने उसकी बाइक चोरी कर ली। पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगाले तो मामला फर्जी निकला। बाइक चोरी की तहरीर देने वाला व्यक्ति फरार हो गया। कस्बे के मोहल्ला खेल निवासी साजिद पुत्र नानू ने बुधवार को थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि वह सुबह अपनी प्लैटिना बाइक को घर के बाहर खड़ी कर नमाज पढ़ने के लिए मस्जिद गया था। पीड़ित का आरोप है कि जैसे ही वह नमाज पढ़ कर वापस लौटा तो चोरों ने उसकी बाइक को चोरी कर ली। पीड़ित ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। बाइक चोरी की सूचना पर पुलिस ने आस पास के मकानों पर लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले तो कोई भी व्यक्ति बाइक ले जाता हुआ दिखाई नहीं दिया और ना हीं बाइक चोरी की सूचना देने वाला व्यक्ति नमाज पढ़ने जाता हुआ दिखाई दिया।

# भाकियू के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया



**वेलकम इंडिया**

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** भारतीय किसान यूनियन (सर छोटू राम) के राष्ट्रीय पदाधिकारी जिलाधिकारी गाजियाबाद से मिलकर किसानों की जो विभिन्न समस्याएं हैं उन पर ज्ञापन दिया। ज्ञापन में मोदी शुगर मिल पर गन्ना किसानों का करोड़ों रुपए का भुगतान बाकी है इसका तत्काल भुगतान ब्याज सहित कराया जाए।

मुख्यमंत्री ने घोषणा की है कि गाजियाबाद को ग्रेटर गाजियाबाद बनाया जाए जिसके विस्तार की प्रक्रिया जिला स्तर और नगर निगम के स्तर पर चल रही है एवं जीडीए द्वारा हरनांदीपुरम नाम से नया शहर बसाने की घोषणा की है जिसमें प्रस्तावित 22 गांव की भूमि है अगर प्रस्तावित 22 गांव की भूमि अधिकृत की जाती है तो भूमि अधिग्रहण कानून के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र का चार गुना और शहरी क्षेत्र का दोगुना मुआवजा मिलता है अगर नगर निगम बनने से पहले अधिग्रहण होता है तो उसका मुआवजा चार गुना है। और यदि ग्रामीण क्षेत्र को नगर निगम में लाना चाहता है तो उसका वर्तमान सर्किल रेट तत्काल बढ़ाया जाए तत्पश्चात उसका भूमि अधिग्रहण किया जाय। जो किसानों को भूखंड दिए जाते हैं वह सभी भूखंड एक जगह दिए जाते हैं यह किसानों के साथ अन्याय है किसानों को जो 10 परसेंट भूखंड मिलने हैं वह प्रत्येक सेक्टर में विभाजित हो। नगर निगम के अंतर्गत जो गांव है उन गांव की सड़क सीवर बिजली पानी के पीने आदि की समस्या है जिनका जल्द से जल्द निवारण क्या जाना अत्यंत जरूरी है।

हरनंदीपुरम में किसानों की जमीन जो गाजियाबाद विकास प्राधिकरण किसानों से खरीद रहा है उसका भाव बाजार भाव से निर्धारित किया जाए। ज्ञापन देने में भारतीय किसान यूनियन (सर छोटू राम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष आनंद चौधरी, राष्ट्रीय महामंत्री अजय प्रमुख, राष्ट्रीय प्रवक्ता एडवोकेट कुंवर अयूब अली, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष सोनवीर चौधरी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रवीण चौधरी, राष्ट्रीय सचिव सोनवीर खुटैल आदि लोगों की उपस्थिति रही।

# गिन्नी देवी मोदी गर्ल्स कॉलेज में साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया

**वेलकम इंडिया**



**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** मोदीनगर सर्किल क्षेत्र में पुलिस प्रशासन द्वारा साइबर अपराधों की रोकथाम एवं नागरिकों को जागरूक करने हेतु साइबर जागरूकता अभियान चलाया गया। पुलिस आयुक्त, कमिश्नरेट गाजियाबाद के निर्देशन में साइबर अपराधों की रोकथाम एवं नागरिकों को जागरूक करने हेतु साइबर जागरूकता अभियान सतत रूप से संचालित किया जा रहा है ।

इसी क्रम में सहायक पुलिस आयुक्त मोदीनगर अमित सक्सेना एवं कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नरेश कुमार शर्मा एवं प्रभारी निरीक्षक साइबर सेल अनिल कुमार द्वारा गिन्नी देवी मोदी गर्ल्स पीजी कॉलेज में एक विशेष साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।

कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं एवं शिक्षकों को आधुनिक साइबर अपराधों की पहचान करने, संभावित खतरों से स्वयं को सुरक्षित रखने तथा साइबर सुरक्षा के प्रति समाज में जागरूकता का प्रसार करना था। उक्त कार्यक्रम में छात्राओं एवं शिक्षिकाओ को बताया गया कि किसी भी संदिग्ध साइबर गतिविधि या ऑनलाइन ठगी की स्थिति में तुरंत 1930 पर कॉल करें या पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज करें।

इस मौके पर कॉलेज की प्राचार्या डॉक्टर पूनम गर्ग, डॉ सारिका गर्ग, रश्मि चौधरी, नूतन सिंह, ऐश्वर्या बहुगुणा, मंजू आदि शिक्षिकाएं एवं छात्राएं उपस्थिति रही।

# अय्यूब कुरैशी को कांग्रेस के जिला सचिव की जिम्मेदारी सौंपी

**वेलकम इंडिया**



**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** अय्यूब कुरैशी फरीदनगर कांग्रेस के जिला सचिव की जिम्मेदारी भी सौंपी गई। जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा ने सौंपा मनोनयन पत्र। कुरैशी ने पार्टी नेताओं का आभार जताया। गाजियाबाद कांग्रेस पार्टी ने संगठन को और अधिक मजबूती देने के उद्देश्य से सक्रिय कार्यकर्ता मोहम्मद अय्युब कुरैसी को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है।

कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सतीश शर्मा डासाना वालों ने उन्हें जिला सचिव मनोनीत किया है, साथ ही फरीदनगर कस्बे का प्रभारी भी नियुक्त किया गया है। इस महत्वपूर्ण नियुक्ति पर अय्युब कुरैसी ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष, प्रदेश अध्यक्ष, तथा जिला अध्यक्ष सहित समस्त वरिष्ठ नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि वे पार्टी की नीतियों और सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य पूरी निष्ठा से करेंगे।

# बच्चे को जन्म देते ही महिला की हुई मौत

**वेलकम इंडिया**

**कांधला।** संवादाता मोहसीन रहमानी कस्बा निवासी एक महिला की प्रसव पीड़ा के दौरान महिला की हालत बिगड़ गई नवजात को जन्म देने के बाद महिला की मौत हो गई परिजनों में कोहराम मचा हुआ है गमगीन माहौल में महिला को सुपुर्द ए खाक कर दिया है। कस्बा निवासी एक तीस वर्षीय महिला 9 माह की गर्भवती थी मंगलवार की देर शाम महिला को प्रसव पीड़ा हो गई। परिजनों के अनुसार प्रसव पीड़ा होने पर महिला को गंगेरू मार्ग स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। डिलीवरी के दौरान महिला ने एक नवजात को जन्म दिया नवजात के जन्म देते ही महिला की हालत बिगड़ गई। निजी अस्पताल के चिकित्सकों ने महिला को आनन-फानन में शामली अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। देर रात्रि महिला की शामली अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। महिला की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। बुधवार को महिला के परिजनों ने बिना किसी कार्रवाई के महिला के शव को सुपुर्द ए खाक कर दिया। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

## महिला पंजाबी संगठन के प्रतिनिधि मंडल ने एसीपी से महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार-विमर्श किया



**वेलकम इंडिया**

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** पंजाबी संगठन मोदीनगर, महिला पंजाबी संगठन मोदीनगर एवं लॉयन्स क्लब मोदीनगर उड़ान इंटरनेशनल द्वारा एक शिष्टाचार भेंट का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल ने एसीपी अमित सक्सेना से मुलाकात की। बैठक में मोदीनगर शहर एवं समाज के समग्र विकास से जुड़े कुछ महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। प्रतिनिधियों ने एसीपी को समाज के विभिन्न क्षेत्रों में आ रही चुनौतियों से अवगत कराया और उनके समाधान के लिए सहयोग का भरोसा दिलाया।

इस शिष्टाचार बैठक में पंजाबी संगठन मोदीनगर की ओर से सागर ढींगरा, संजीव गुलाटी, और राजीव जेटली उपस्थित रहे। महिला पंजाबी संगठन की ओर से अध्यक्ष डॉ. शालिनी नैयर, हर्षिता चौधरी, गीता मोहन अरोड़ा, रोजी, कोमल, नीता, मीना चावला और अमिता आहूजा ने भाग लिया।

# डीजे डेंटल कॉलेज में साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**वेलकम इंडिया**

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** थाना निवाड़ी क्षेत्र अंतर्गत डीजे डेंटल कॉलेज के ऑडिटोरियम में सहायक पुलिस आयुक्त मोदीनगर अमित सक्सेना की अध्यक्षता में प्रभारी निरीक्षक थाना निवाड़ी जयपाल सिंह रावत व थाने पर स्थापित साइबर सेल के उपनिरीक्षक रोहित कुमार शुक्ला व महिला उप निरीक्षक डौली चौधरी द्वारा साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया,जिसमें कॉलेज के डायरेक्टर रितिक जस्सर व प्रिंसिपल डॉ0 आशीष श्रृंगला , डा0 पुनीत आहूजा , डॉ0 वैभव मिश्रा, डॉ0 मनु ढिल्लन, डॉ0 शिप्रा , डॉ0 दीप्ति, डॉ0अंकुर मित्तल, डॉ0 संजीत, डॉ0 परमजीत तथा छात्र-छात्राएं व अन्य गण मान्य लोग उपस्थित रहे साइबर जागरूकता कार्यक्रम के मुख्य बिंदु थे कि साइबर अपराध क्या है,साइबर अपराध कैसे होता है, साइबर अपराध से बचने के लिए क्या-क्या सावधानियां रखनी चाहिए तथा यदि साइबर अपराध हो जाता है तो कैसे अपनी शिकायत 1930 पर दर्ज कराएंगे । इस संबंध में सभी को जागरूक किया गया।

# नवीन सब्जी मंडी में हो रही लाखों की बिजली चोरी विभाग की लापरवाही




**वेलकम इंडिया/ मोहसीन रहमानी**

**कांधला।** कस्बे की नवीन सब्जी मंडी में विद्युत विभाग की बड़ी लापरवाही सामने आई है विद्युत तारों पर व्यापारियों के द्वारा कटिया डालकर लाइट जलाई जा रही है। और दिनभर लगी स्ट्रीट लाइट जल रही है जिसमें राजस्व को बड़ा नुकसान हो रहा है। विद्युत विभाग आए दिन बिजली चोरी की रोकथाम करने के लिए छापेमारी करता हुआ नजर आता है। कस्बे की नवीन सब्जी मंडी में कई व्यापारियों के द्वारा लाइन से कटिया डालकर बिजली चोरी कर लाइट जलाई जा रही है मगर विद्युत विभाग को दिखाई नहीं पड़ रही। विद्युत पोल और तारों पर बल्ब, स्ट्रीट लाइट भी लगाए गए हैं। जो दिन भर जलते रहते हैं। विद्युत विभाग की लापरवाही से राजस्व को बड़ी हानि हो रही है। विद्युत विभाग के कर्मचारी कुंभकर्णी नींद सोए हुए हैं और नवीन सब्जी मंडी में रोजाना लाखों रुपए की विद्युत चोरी हो रही है। कस्बे के कई लोगों ने प्रदेश के ऊर्जा मंत्री एके शर्मा को शिकायत कर विद्युत विभाग की लापरवाह कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई कर विद्युत चोरी की रोकथाम की मांग की है।

# उत्तर प्रदेश में नंबर 1 राज्य रैंक हासिल कर काईट बना सर्वश्रेष्ठ निजी इंजीनियरिंग स्वायत्त कॉलेज

**वेलकम इंडिया**




**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** काईट ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस ने हाल ही में जारी हुई भारतीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क ;आई०आई०आर०एफ इंजीनियरिंग रैंकिंग 2025 में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन की गर्व से घोषणा की है। संस्थान ने सर्वश्रेष्ठ निजी इंजीनियरिंग कॉलेजों ;स्वायत्त संबद्ध की श्रेणी में उत्तर प्रदेश में नंबर 1 राज्य रैंक और नंबर 3 का प्रभावशाली अखिल भारतीय रैंक हासिल किया है। भारतीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क ;आई०आई०आर०एफ एक प्रतिष्ठित स्वतंत्र रैंकिंग संगठन है जो अनुसंधान और नवाचार, उद्योग सहयोग, अंतर्राष्ट्रीय दृष्टिकोण और प्लेसमेंट प्रभावशीलता जैसे मापदंडों के आधार पर संस्थानों का मूल्यांकन करता है।

आई०आई०आर०एफ ने भारत भर के 2,500 से ज्यादा इंजीनियरिंग संस्थानों का मूल्यांकन किया और उन्हें सरकारी, निजी ;स्वायत्त संबद्ध और निजी विश्वविद्यालयों में वर्गीकृत किया। निजी, स्वायत्तता संबद्ध समूहों में काइट की रैंकिंग अकादमिक और संचालन उत्कृष्टता के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। संस्थान का मूल्यांकन विभिन्न मानदंडों पर किया गयाए जैसे निरंतर अकादमिक उत्कृष्टता, अत्याधुनिक बुनियादी ढाँचा, मजबूत उद्योग साझेदारी; शोध परिणाम, शिक्षण.अधिगम गुणवत्ता और प्लेसमेंट प्रदर्शन। उत्तर प्रदेश में राज्य स्तर पर अग्रणी और अखिल भारतीय स्तर पर तीसरे स्थान पर होने के साथ, काईट निजी श्रेणी में केवल आरवी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग ;बेंगलुरुद्ध और बीएमएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग ;बेंगलुरु से पीछे है। इसका अर्थ यह भी है कि काईट ने 814-89 के समग्र सूचकांक स्कोर के साथ सर्वश्रेष्ठ निजी इंजीनियरिंग कॉलेजों ;स्वायत्त संबद्ध की श्रेणी में उत्तरी क्षेत्र की रैंकिंग तालिका में शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। संस्थान के संयुक्त निदेशक डॉ मनोज गोयल ने कहा उत्तर प्रदेश में शीर्ष निजी इंजीनियरिंग कॉलेज और भारत में तीसरा स्थान प्राप्त करना, तकनीकी शिक्षा में उत्कृष्टता के लिए काईट के अथक प्रयास का प्रमाण है। यह रैंकिंग हमारे छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों की कड़ी मेहनत को दर्शाती है।

## जलकल लिपिक को पालिका अध्यक्ष ने किया सस्पेंड, नोटिस किया तामिल

**कांधला।** कस्बे की नगर पालिका परिषद में तैनात जलकल विभाग में बाबू अपनी हठधर्मी से बाज नहीं आ रहा है। कई दिन पूर्व पालिका अध्यक्ष ने बाबू को अनियमितताओं के चलते सस्पेंड कर दिया था, लेकिन बाबू चार्ज छोड़ने को तैयार नहीं है। उक्त मामला कस्बे में चर्चा का विषय बना हुआ है। नगर पालिका परिषद में जलकल विभाग के बाबू आरिफ खान अपनी हठधर्मिता से बाज नहीं आ रहे हैं। पालिका परिषद के कई सभासदों ने एक माह पूर्व जिलाधिकारी अरविंद कुमार चौहान सहित प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ को शिकायत कर जलकल विभाग में तैनात बाबू आरिफ खान पर आरोप लगाया था कि आउटसोर्सिंग में कर्मचारियों की संख्या कम है जबकि ज्यादा कर्मचारियों का वेतन लिया जा रहा है।

# फोड़ा, फुंसी और एलर्जी के मरीजों की अस्पताल में भरमार

**वेलकम इंडिया/ मोहसीन रहमानी**



**कांधला।** नगर एवं क्षेत्र में संचारी रोगों की बाढ़ आई हुई है सरकारी अस्पताल में सैकड़ो की संख्या में महिला पुरुष व बच्चों ने पहुंचकर अपना उपचार कराया है। बरसात के मौसम में कई तरह की बीमारियां पनप जाती हैं। नगर एवं क्षेत्र में इन दिनों संचारी रोगों की बाढ़ आई हुई है। सरकारी अस्पताल में सैकड़ो की संख्या में लोग आए दिन पहुंचकर अपना उपचार करा रहे हैं।

नगर एवं क्षेत्र में इन दिनों मलेरिया, टाइफाइड, फोड़ा, फुंसी, एलर्जी, वायरल बुखार, पेट दर्द उल्टी दस्त सहित आदि तरह की बीमारियों के मरीज अस्पताल में पहुंच रहे हैं। मरीजों में ज्यादातर फोड़ा, फुंसी और एलर्जी के मरीज पहुंच रहे हैं। बुधवार को सरकारी अस्पताल में सैकड़ो की संख्या में महिला पुरुष व बच्चे पहुंचे जिन्होंने बताया कि उनको एलर्जी, फोड़ा, फुंसी सहित वायरल बुखार है। चिकित्सकों ने जांच करने के बाद मरिजो को दवाई वितरित की और सावधानी बरतने की भी सलाह दी। चिकित्सक प्रभारी वीरेंद्र सिंह ने बताया कि बरसात के मौसम में बीमारियां फैल जाती हैं। संचारी रोगों की रोकथाम के लिए अभियान चलाया जा रहा है। ज्यादातर वायरल बुखार ,एलर्जी, फोड़ा फुंसी के मरीज पहुंच रहे हैं जिनका उपचार किया जा रहा है। सरकारी अस्पताल में पर्याप्त दवाइयां का भंडारण उपलब्ध है। स्वास्थ्य विभाग की टीम घर घर अभियान चलाकर लोगों का उपचार कर रही है।

# भाकियू (सर छोटू राम) ने डीएम को सौंपा मांगों का ज्ञापन, किसानों के हक में लिया ठोस रुख

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** भारतीय किसान यूनियन (सर छोटू राम) के राष्ट्रीय पदाधिकारियों ने बुधवार को जिलाधिकारी से भेंट कर किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन किसानों की आर्थिक, सामाजिक और बुनियादी जरूरतों से जुड़े गंभीर मुद्दों को उजागर करता है, जिसमें खासतौर पर गन्ना भुगतान, भूमि अधिग्रहण, मुआवजा नीति और गांवों की बुनियादी सुविधाओं की बात प्रमुख रही। ज्ञापन में सबसे पहले मोदी शुगर मिल पर गन्ना किसानों के करोड़ों रुपये के बकाया भुगतान का मुद्दा उठाया गया। यूनियन ने मांग की कि इसका भुगतान तुरंत, और ब्याज सहित किया जाए, ताकि किसान अपने अन्य खर्चों और आगामी फसल की तैयारी समय पर कर सकें। ज्ञापन में बताया गया कि मुख्यमंत्री द्वारा गाजियाबाद को 'ग्रेटर गाजियाबादञ्ज बनाने की घोषणा के तहत, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण ने हरनंदीपुरम नामक नए शहर की योजना बनाई है, जिसमें 22 गांवों की भूमि प्रस्तावित है। यूनियन ने मांग की कि भूमि अधिग्रहण नगर निगम बनने से पहले किया जाए, जिससे किसानों को चार गुना मुआवजा मिल सके। किसानों को जो 10 प्रतिशत भूखंड मुआवजे के रूप में मिलते हैं, उन्हें एक ही जगह आवंटित करना अन्यायपूर्ण है। यूनियन ने स्पष्ट कहा कि ये भूखंड हर सेक्टर में समान रूप से वितरित किए जाएं, ताकि किसानों को उचित भागीदारी और संतुलन मिल सके। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि नगर निगम में शामिल गांवों में आज भी सड़क, सीवर, पीने का पानी और बिजली जैसी बुनियादी सुविधाओं का घोर अभाव है। यूनियन ने इन समस्याओं के तत्काल समाधान की मांग की ताकि गांव भी वास्तविक रूप से शहरी सुविधा का लाभ उठा सकें। जीडीए द्वारा हरनंदीपुरम परियोजना में किसानों से ली जा रही जमीन का भाव बाजार दर के अनुसार तय किया जाए, जिससे किसानों को उनकी जमीन का वाजिब मूल्य मिल सके और उन्हें आर्थिक नुकसान न हो। इस अवसर पर यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष आनंद चौधरी, राष्ट्रीय महामंत्री अजय प्रमुख, राष्ट्रीय प्रवक्ता एडवोकेट कुंवर अयूब अली, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष सोनवीर चौधरी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रवीण चौधरी, राष्ट्रीय सचिव सोनवीर खुटैल सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# गाजियाबाद परिवहन विभाग में ट्रांसफर आदेशों की अनदेखी, शासन ने दी सस्पेंशन की चेतावनी




वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद परिवहन विभाग में ट्रांसफर नीति का खुला उल्लंघन सामने आया है। शासन द्वारा जारी तबादला आदेशों को कई अधिकारी और कर्मचारी मानने को तैयार नहीं हैं। सबसे प्रमुख मामला वरिष्ठ सहायक अनिल कुमार हरित का है, जिनका ट्रांसफर मेरठ कर दिया गया है, लेकिन वे अब भी गाजियाबाद में जमे हुए हैं। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि यदि स्थानांतरण आदेश का पालन नहीं किया गया तो संबंधित अधिकारी-कर्मचारी सस्पेंड किए जाएंगे। विभाग में ट्रांसफर को लेकर कमीशनखोरी और सिफारिश की भी चर्चाएं हैं, जिससे सिस्टम की पारदर्शिता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। अब देखना यह है कि क्या शासन सख्ती दिखाएगा या मामला फिर कागजों में ही दबकर रह जाएगा। एक बार फिर गाजियाबाद परिवहन विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ खड़े हुए हैं।

# 128 वर्षों की परंपरा, चांदी के फावड़े से भूमि पूजन



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** 128 वर्षों की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाते हुए श्री सुल्लामल रामलीला कमेटी ने रामलीला महोत्सव 2025 का विधिवत बुधवार को शुभारंभ भव्य भूमि पूजन के साथ हुआ। ऐतिहासिक घंटाघर रामलीला मैदान में आयोजित इस पावन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद अतुल गर्ग ने चांदी के फावड़े से भूमि पूजन कर उत्सव की विधिवत शुरूआत की। इस अवसर पर भावुक होते हुए सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि यह सिर्फ रामलीला नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक विरासत का जीवंत उदाहरण है। बचपन से मैं इस लीला को देखता आया हूं, और आज इसका भूमि पूजन करना मेरे लिए गौरव का विषय है। भूमि पूजन समारोह में उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री नरेंद्र कश्यप, शहर विधायक संजीव शर्मा, एमएलसी दिनेश गोयल, पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल समेत अनेक प्रमुख जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया।

# उपाध्यक्ष ने की विधि अनुभाग और संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अतुल वत्स की अध्यक्षता में बुधवार को एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न अदालतों में लंबित वादों की स्थिति और प्राधिकरण की ओर से की जा रही पैरवी की गुणवत्ता का मूल्यांकन किया गया। बैठक में विधि अनुभाग के साथ-साथ वित्तीय, निर्माण, संपत्ति और अभियंत्रण अनुभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे। बैठक का उद्देश्य अदालतों में चल रहे मामलों की गंभीरता को समझना और उनके समाधान के लिए समयबद्ध एवं प्रभावी रणनीति तय करना था। उपाध्यक्ष ने अधिकारियों से यह स्पष्ट रूप से जानना चाहा कि पूर्व में कितने वाद लंबित थे, वर्तमान में कितनों पर कार्यवाही प्रगति पर है और किन मामलों में प्राधिकरण की स्थिति सुदृढ़ है। जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने कहा कि सभी लंबित वादों की ऑनलाइन सॉफ्टवेयर पर फीडिंग पूरी कर ली गई है, जिससे अब प्रत्येक संबंधित अधिकारी अपने अनुभाग के मुकदमों की जानकारी प्राप्त कर सकता है। यह प्रणाली इस प्रकार डिजाइन की गई है कि अदालती तारीखों और आवश्यक कार्यवाही की सूचना समय रहते सभी संबंधितों को स्वतः प्राप्त हो सके। इससे अब किसी भी प्रकरण में लापरवाही या देरी की कोई गुंजाइश नहीं रहेगी। उन्होंने इस तथ्य को भी रेखांकित किया कि प्राधिकरण को हाल ही में एनसीएलटी (राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण) में रेड मॉल प्रकरण में सफलता मिली है, जो कि विधिक अनुभाग की तत्परता और समन्वित रणनीति का परिणाम है। उन्होंने कहा कि यह उदाहरण अन्य मामलों के लिए भी दिशा तय करता है कि नियमित समीक्षा और समय पर कानूनी कार्रवाई से प्राधिकरण अपना पक्ष मजबूती से रख सकता है। प्राधिकरण उपाध्यक्ष ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन मामलों में काउंटर एफिडेविट या अन्य दस्तावेज अदालत में दाखिल करने की आवश्यकता है, वे तय समयसीमा के भीतर विधिवत तैयार कर प्रस्तुत किए जाएं। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे सभी मामलों में जहां बिल्डरों पर प्राधिकरण की देयता बकाया है, वहां प्राधिकरण की ओर से मजबूती के साथ अपना पक्ष रखा जाए ताकि वसूली सुनिश्चित की जा सके।

बैठक में अधिकारियों से यह अपेक्षा की गई कि वे अपने विभागीय अधिवक्ताओं के साथ नियमित समन्वय बनाए रखें और प्रत्येक मुकदमे पर विस्तार से चर्चा कर यह सुनिश्चित करें कि अदालत में प्रस्तुत होने वाला पक्ष ठोस और तथ्यों पर आधारित हो।

# मुठभेड़ के दौरान दो शातिरों के पैर में लगी गोली



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** पुलिस आयुक्त जे. रविंदर गौड के निर्देशन में गाजियाबाद पुलिस अपराधियों की कमर तोडे के अभियान में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। इस मुहिम को जमीनी हकीकत में बदलने का बीड़ा उठाया है तेज-तर्रार और दबंग अफसर एसीपी वेव सिटी प्रियाश्री पाल ने, जिनकी कार्यशैली इन दिनों शहर के अपराधियों के लिए खौफ का नाम बन चुकी है। बीती रात एसीपी प्रियाश्री पाल की अगुवाई में थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक की प्रभारी एसएचओ सरिता सिंह और उनकी टीम ने एक साहसी कार्रवाई में दो शातिर लुटेरों को मुठभेड़ के दौरान गोली मारकर गिरफ्तार कर लिया। यह मुठभेड़ गंगाजल प्लांट अंडरपास और रिछपालगढ़ी पुलिया के बीच उस समय हुई, जब दोनों लुटेरे किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे थे। मुठभेड़ में घायल बदमाशों की पहचान सनी निवासी हापुड़ और देवेश निवासी क्रॉसिंग रिपब्लिक के रूप में हुई है।

# जनता के प्रहरी, भरोसे का चेहरा बने डीसीपी सिटी

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** नगर क्षेत्र की कानून-व्यवस्था और जनसुनवाई के मामलों में डीसीपी सिटी धवल जायसवाल हर दिन एक नया उदाहरण पेश कर रहे है। समस्याओं की अनदेखी की शिकायतों के दौर में जहां आमजन की आवाज अक्सर अनसुनी रह जाती है, वहीं डीसीपी धवल जायसवाल स्वयं कार्यालय में बैठकर दर्जनों लोगों की समस्याएं सुन रहे हैं और न केवल सुन रहे हैं बल्कि उनके समयबद्ध समाधान को भी सुनिश्चित करवा रहे हैं। डीसीपी सिटी की कार्यशैली बेहद मानवीय और अनुकरणीय है। वे प्रतिदिन अपनी दिनचर्या की शुरूआत कार्यालय में फरियादियों की समस्याएं सुनने से करते हैं। खास बात यह है कि जब तक कोई फरियादी उनके सामने उपस्थित रहता है, वे स्वयं अपनी सीट पर बने रहते हैं, और पूरी गंभीरता से उसकी समस्या को समझते हैं। उनका यह मानना है कि केवल शिकायत दर्ज कर लेना पर्याप्त नहीं, बल्कि उसका निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण समाधान भी उतना ही जरूरी है। इसी उद्देश्य से वे शिकायतकर्ताओं से नियमित रूप से फीडबैक भी लेते हैं। डीसीपी जायसवाल ने सभी सहायक पुलिस आयुक्तों, थाना प्रभारियों और चौकी इंचार्जों को स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं कि हर आने वाले फरियादी की बात ध्यान से सुनी जाए, उसका समाधान निश्चित समय सीमा में किया जाए और सबसे महत्वपूर्ण उसके साथ सम्मानजनक व्यवहार सुनिश्चित हो। उन्होंने चेताया कि अगर कोई फरियादी बार-बार थाने या चौकी के चक्कर काटता है, तो संबंधित अधिकारी जिम्मेदार माने जाएंगे और खुद को कार्यवाही के लिए तैयार रखें।

# अवैध इंटरनेट दवा विक्रय के विरोध में फार्मासिस्टों ने खोला मोर्चा

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद।** गाजियाबाद केमिस्ट एसोसिएशन (जो अखिल भारतीय संगठन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स एवं उत्तर प्रदेश केमिस्ट ड्रगिस्ट संगठन से संबद्ध है) द्वारा बुधवार को जिलाधिकारी कार्यालय पर एकत्र होकर अवैध ऑनलाइन दवा विक्रय और जीएसआर 817(ई) के विरोध में केंद्र सरकार को ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन केंद्र सरकार में राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल को प्रेषित किया गया, जिसमें यह अपील की गई कि देश के नागरिकों के स्वास्थ्य की रक्षा के लिए अविलंब कठोर कदम उठाए जाएं। गाजियाबाद केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष राजदेव त्यागी ने कहा कि ऑनलाइन दवा प्लेटफार्म आज देश में स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए एक बड़ा खतरा बनते जा रहे हैं। बिना चिकित्सकीय परामर्श और बिना वैध पंजीकरण के दवाइयों की खुली बिक्री हो रही है। इससे न केवल मरीजों की जान खतरे में पड़ रही है, बल्कि पारंपरिक दवा व्यापार भी बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य औषधि प्रशासन की चुप्पी इस पूरे मामले को और भी गंभीर बना रही है।

# जिलाधिकारी का सख्त संदेश, प्रशासनिक ढिलाई पर होगी कड़ी कार्रवाई



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** जिला प्रशासन अब पूरी तरह सतर्क और जवाबदेह मोड में है। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मांदड़ की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में जिले के अधिकारियों और कर्मचारियों को दो टूक संदेश दिया गया कार्यों में शिथिलता और लापरवाही अब किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि कोई भी कार्य अनावश्यक रूप से लंबित न छोड़ा जाए। उन्होंने अधिकारियों को आवेदकों से मधुर और सहानुभूतिपूर्ण व्यवहार करते हुए हर कार्य को नियमों के अनुरूप, पारदर्शी व समयबद्ध ढंग से निपटाने की सख्त हिदायत दी। श्री मांदड़ ने कहा कि जो भी अधिकारी या कर्मचारी जनहित से जुड़े दायित्वों में कोताही बरतेगा, उस पर अनुशासनात्मक कार्रवाई तय है। विशेषकर फील्ड वर्क में ईमानदारी, निष्ठा और सक्रियता अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक सेवा का मूल धर्म ही जनसेवा है और इसमें कोई लापरवाही न क्षम्य है, न स्वीकार्य। आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर विशेष बल देते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि केवल आंकड़ों में निस्तारण दिखाना पर्याप्त नहीं है, बल्कि शिकायतकर्ता को समाधान से संतुष्टि होनी चाहिए। उन्होंने कोर्ट से जुड़े लंबित मामलों को भी शीघ्र निपटाने के निर्देश दिए। बैठक में श्री मांदड़ ने कार्यालयों में स्वच्छता को अनिवार्य बताते हुए कहा कि एक साफ-सुथरा, व्यवस्थित कार्यस्थल कर्मचारियों की कार्यक्षमता में वृद्धि करता है और आम जनता में प्रशासन के प्रति सकारात्मक संदेश देता है। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को यह भी स्मरण कराया कि आवेदकों और आम जन से सौम्य, विनम्र और संवेदनशील व्यवहार प्रशासन की छवि को निखारता है। जनपद में ऐसे व्यवहार की स्थापना प्रशासनिक प्राथमिकता होनी चाहिए।

# पार्क की बदहाली और पानी की समस्या पर महापौर का औचक निरीक्षण

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** जनता की शिकायत पर तत्परता दिखाते हुए महापौर सुनीता दयाल स्वयं मौके पर पहुंचीं और लोहिया नगर बी-ब्लॉक पार्क का निरीक्षण कर अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई। बुधवार को महापौर एक कार्यक्रम में भाग ले रही थीं, जहां भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता पवन गोयल भी उपस्थित थे। तभी उनके पास स्थानीय लोगों का एक फोन आया, जिसमें बताया गया कि 30 अश्वशक्ति की पानी की मोटर बार-बार खराब हो रही है, जिससे पार्क में पानी की आपूर्ति बाधित हो रही है। फोन मिलते ही महापौर पहुंचीं मौके पर, बदहाल हालात देख भड़कीं टूटा पथ, गंदगी से अटा पार्क, ऊंची घासें और कूड़े का ढेर देख अधिकारियों को फटकार लगाई। मौके पर पहुंची महापौर ने देखा कि पार्क के चारों ओर झाडियों ने घास का रूप ले लिया है, पार्क के अंदर कूड़ा बिखरा पड़ा है, पैदल पथ (ट्रैक) टूटे हुए हैं और सफाई का कोई प्रबंध नहीं है। मौके पर मौजूद 30 एच.पी. की मोटर को देखा गया, जो बार-बार खराब हो रही थी, जिस पर महापौर ने नाराजगी जताई। महापौर ने तत्काल स्थानीय पार्षद, जलकल विभाग के महाप्रबंधक पी. आनंद, अधिशासी अभियंता आस कुमार, अवर अभियंता पूजा सिंह, और उद्यान पर्यवेक्षक को मौके पर बुलाया। उद्यान पर्यवेक्षक द्वारा बताया गया कि पूरे वार्ड में 17 माली (माली कर्मचारी) तैनात हैं। इस पर महापौर ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यदि एक पार्क में हर तीसरे दिन भी कार्य हो, तो भी वह स्वच्छ और आकर्षक दिखाई देगा। यह बदहाली दशार्ती है कि माली आता ही नहीं है।

